तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 18.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 24 मार्च 2025

12 नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री से की मुलाकात



13 नव निर्वाचित आदिवासी पार्षदों का किया सम्मान



[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

## खबर संक्षेप

### गुरु घासीदास सेवा समिति का चुनाव 30 मार्च को

**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति सतनाम भवन सेक्टर-6 के पदाधिकारियों का कार्यकाल मार्च में समाप्त हो रहा है। इस वजह से आमसभा चुनाव 30 मार्च सुबह 8 से 4 बजे तक भवन में रखा गया है। सेवा समिति के चुनाव के विषय में समाजसेवक रोहन बरमाल ने कहा कि समाजसेवा करने से दूसरों को मदद मिलती है। उन्होंने समाज के लोगों से चुनाव में हिस्सा लेने की अपील की है।

### पेड़ों को संरक्षित करने लिया संकल्प

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में 150 से अधिक उद्यान है, जिसमें कुछ उद्यान ऐसे हैं जहां पर पुराने पेड़ जो पहले के लगे हुए हैं। उन्हें संरक्षित करके उद्यानों को बनाया गया है, ऐसे जगहो पर नए पेड़ भी लगाए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को लेकर के विभिन्न उद्यानों का निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जो पुराने पेड़ है, उनमें कई जगहों पर दीमक लग रहा था। उन सभी पेड़ों पर नीला थोथा एवं चूना मिलाकर के पुताई करवाया जा रहा है। जिससे पेड़ों में दीमक ना लगे दीमक बड़े से बड़े पेड़ो को खाकर सूखा देते है। इसके साथ ही निगम का यह प्रयास है कि पेड़ों को अधिक से अधिक बचाया जाए। प्रतिवर्ष पेड़ लगाये जा रहे है, उन्हे संरक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा नगर निगम भिलाई को 131 पुराने जीवित पेड़ प्रदान किया जा रहे हैं जो अन्य निर्माण कार्यों से प्रभावित हो रहे हैं। उन पुराने पेड़ों को निगम के खाली जगह पर लगाया जाएगा। इसके लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। विशेष करके कोसा नाला शहरी कांजी हाउस में यहां पर बहुत से जानवर है, बड़े बड़े पेड़ लग जाने से उन्हे गर्मी में राहत मिलेगी। पेड़ जिम गार्डन, राशि उद्यान एवं अन्य खाली जगहों पर लगाए जाएंगे। सभी जोन से पेड़ लगवाने के बारे में रिपोर्ट ली गई है। बड़े बड़े हरे भरे पेड़ एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट किए जायेगे। नगर निगम के पुराने कर्मचारियो को भी पेड़ो में पानी डालने के लिए डयूटी लगाये गये है। जो विभागीय कार्य करने में असमर्थ थे, अब वे उद्यानों में कार्य कर रहे है। भारत विकास परिसर से सचिव जितेन्द्र सिंह, नरेश गुप्ता, संजय भाटिया, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, पर्यावरण मित्र संस्था के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# रिसाली मेयर को घेरा कांग्रेस पार्षदों ने, पूर्व गृहमंत्री के समक्ष मांगा इस्तीफा

## रिसाली निगम में तीन कांग्रेस पार्षद और दो समर्थित पार्षदों के भाजपा में शामिल हो जाने के बाद खलबली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

रिसाली निगम में भाजपा और कांग्रेस के बीच ट्वनटी-ट्नवटी मैच जारी है। दोनों ही खेमे में 20-20 पार्षद होने के बाद कांग्रेस संगठन ने अपने पार्षदों की बैठक बुलाई। कांग्रेस संगठन के निर्देश के बाद पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने निवास में रिसाली के कांग्रेस पार्षदों को बुलाया। भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष भी इस बैठक में शामिल हुए। रिसाली निगम की मौजूदा राजनैतिक घटनाक्रम पर चर्चा के लिए बुलाई गई इस बैठक में कांग्रेस के कई पार्षदों ने महापौर शशि सिन्हा के इस्तीफे की मांग कर दी। महापौर शशि सिन्हा और सभापति केशव बंछोर भी इस बैठक में मौजूद रहे।

अलग खबर

### महापौर नहीं संभाल पा रही है निगम

कांग्रेस के उन पार्षदों में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू द्वारा बुलाई गई बैठक में जमकर भड़ास निकाली। महापौर श्रीमती सिन्हा द्वारा एमआईसी से बाहर किए गए कुछ पार्षदों का कहना था कि एमआईसी में रहकर वे पूरी निष्ठा से बेहतर कार्य कर रहे थे। उसके बाद भी हमें बदल दिया गया। गैर अनुभवी पार्षदों को एमआईसी में जगह दे दी गई। यदि महापौर नहीं संभाल पा रही हैं तो खुद से ही इस्तीफा दे देना चाहिए। कई पार्षदों ने महापौर निधि के पैसे विकास कार्य के लिए नहीं देने की बात कही। उनका कहना था कि हमारी सत्ता निगम में रहने के बाद भी हमारे वार्ड में ही विकास कार्य के लिए संघर्ष करते रहे।




### कांग्रेसी पार्षदों को एकजुटता का पाठ पढ़ाया जिलाध्यक्ष ने

जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने रिसाली निगम की मौजूदा स्थिति पर चर्चा करते हुए एकजुटता का पाठ पढ़ाया। उन्होने कहा कि हमारे पास पहले 27 पार्षद थे और अब 20 तक रह गए हैं। भाजपा और भी कांग्रेस के पार्षदों को तोड़कर सत्ता हासिल कर सकती है। हमें कांग्रेस संगठन में निष्ठा दिखाते हुए अपनी जगह पर रहना है। उन्होने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए 26 पार्षदों की जरूरत भाजपा को पड़ेगी। इसलिए कोई भी पार्षद उनके बहकावे में न आएं।

### मेरी नसीहत नहीं मानते, स्वतंत्र हो

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने संगठन के निर्देश पर बुलाई गई बैठक का हवाला देते हुए हताशा जाहिर की। सूत्र बतातें हैं कि श्री साहू ने यहां तक कह दिया कि रिसाली निगम की राजनीति में अब मेरी कोई दिलचस्पी नहीं रह गई है। इसके पहले एमआईसी में जो बदलाव किए उसमें मुझे जानकारी तक नहीं दी गई। मेरी नसीहत कोई मान नहीं रहा है। इसलिए आगे भी स्वतंत्र हो। अपनी मर्जी से काम करिए। सूत्र बताते हैं कि गृहमंत्री साहू ने रिसाली निगम में हो रही फजीहत को रोकने के लिए महापौर शशि सिन्हा को एक सप्ताह पहले ही इस्तीफा दे देने का सुझाव भी दे चुके हैं।

## गड़बड़ी : कलेक्टर के बदलते ही शिक्षा माफियाओं ने कसा शिकंजा

# आरटीई में फर्जीवाड़ा करने वालों को छूट, 200 दाखिले की जांच बंद










हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

हरिभूमि पड़ताल

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार आरटीई में फर्जीवाड़ा करने वालों को छूट मिल गई है। कलेक्टर के बदलने के बाद फर्जीवाड़ा मामले की जांच बंद कर दी गई है। गरीब बच्चों की सीटें हथियाने वाले रसूखदार लोग फिर से हावी होने लगे हैं। जिसकी वजह से विभागीय अधिकारी भी अब यूटर्न की स्थिति में पहुंच गए हैं। हैरत की बात यह है कि भिलाई दुर्ग में आरटीई पोर्टज हैक कर निजी स्कूलों में दाखिला लेने वालों पर कार्रवाई नहीं कर उन्हें फिर से लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। जबकि संयुक्त संचालक शिक्षा की जांच रिपोर्ट के बाद ऐसे 24 बच्चों का दाखिला निरस्त किया गया है।

## इस तरह चला है आरटीई में फर्जीवाड़ा

### आरटीई पोर्टल हैकिंग कर दाखिला

आरटीई पोर्टल हैकिंग दो नोडलों में किया गया। जांच रिपोर्ट के मुताबिक डीपीएस रिसाली और डीएवी पब्लिक स्कूल नोडल के अंतर्गत 24 बच्चों का प्रवेश पोर्टल हैकिंग कर हुआ। 24 जून 2024 को संयुक्त संचालक शिक्षा दुर्ग संभाग आरएल ठाकुर ने इस मामले की जांच करवाई। जांच के आधार पर दोनों नोडलों की लापरवाही सामने आई। फलस्वरूप इन 24 बच्चों का प्रवेश तत्कालीन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश पर दाखिला निरस्त किया गया। मौजूदास्थिति उलट दी गई है।

### 10 बच्चों का अंत्योदय राशनकार्ड फर्जी

शिकायत पर कलेक्टर ने फर्जी अंत्योदय राशनकार्ड से दाखिले की जांच खाद्य विभाग से करवाई। जांच में 10 बच्चों के पालकों का अंत्योदय राशनकार्ड फर्जी निकला। आरटीई नियम के हिसाब से निजी स्कूलों में दुर्बल वर्ग के परिवार के बच्चों को प्रवेश देना है। यह मामला भी वर्ष 2024-25 का ही है। राशनकार्ड क्रमांक 223788919649 आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 201500566443, राशनकार्ड क्रमांक 223790321 प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 201400623617, राशनकार्ड क्रमांक 223783412936 आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 2014006214878, राशनकार्ड क्रमांक 223788621450 आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 201400614263, राशनकार्ड क्रमांक 2237 88878725आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 202400666650, राशनकार्ड क्रमांक 223787278564 आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 242400627065 ,राशनकार्ड क्रमांक 223788414503 आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 202400626218, राशनकार्ड क्रमांक 223781312740 आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 202400678230, राशनकार्ड क्रमांक 223780332922 आरटीई से प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 202400651166 और राशनकार्ड क्रमांक 223781564608 प्रवेशित बच्चे का क्रमांक 202400651420 फर्जी पाया गया। इस मामले में जांच अब बंद कर दी गई है। 850 बच्चों का अंत्योदय राशनकार्ड की जांच की जा रही थी।

### 140 डुप्लीकेट आवेदनों की जांच बंद

कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अलग-अलग नोडलों में 140 डुप्लीकेट आवेदन मिले। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला स्तरीय छानबीन व जांच समिति गठित करवाई। इस समिति ने वर्ष 2024-25 में लाटरी के बाद 140 डुप्लीकेट आवेदनों के संबंध में बच्चों के अभिभावकों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करने के लिए पत्र भेजने कहा लेकिन समिति के जिम्मेदार अधिकारी जांच का हवाला देते हुए मामले को टालते रहे। कलेक्टर बदलने के बाद इस मामले को भी ठंडे बस्ते में डाल दी गई है।

### फर्जी रेंट एग्रीमेंट से दाखिला

भिलाई दुर्ग के नामी स्कूलों में आरटीई से प्रवेश लेने के लिए रसूखदारों ने एक और कारनामा किया है। फर्जी किरायानामा प्रस्तुत कर गरीब बच्चों की सीटों पर प्रवेश लिया। इसका खुलासा होने के बाद जांच प्रारंभ करवाई गई। इस मामले में भी आगे की कार्रवाई नहीं बढ़ पाई। हाल यह था कि एक बच्चे ने 9 और 11 आवेदन अलग-अलग नोडल में अलग-अलग पते देकर प्रवेश पा लिया। खबर के बाद जांच लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर ने करवाई और राज्य के निर्देश पर तत्कालीन कलेक्टर दुर्ग ने जिला शिक्षा विभाग को फर्जी दस्तावेज के आधार पर प्रवेश लेने वाले दो बच्चों पर एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए। दो बच्चों के पालकों पर एफआईआर हो चुकी है।

## जानिए क्या है छत्तीसगढ़ सरकार का आदेश

### दुर्बल वर्ग सर्टिफिकेट होना है अनिवार्य

1. निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा द्वारा आदेश क्रमांक एफ 13-47/2010/20-3 दिनांक 3/2/2020 के माध्यम से अंत्योदय परिवार के बालकों के निजी विद्यालय के प्रवेश के लिए ये आदेश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि किसी विद्यालयों में प्रवेश हेतु दुर्बल वर्ग के परिवार का प्रमाण पत्र होना चाहिए तभी उस बच्चे को अंत्योदय राशनकार्ड के आधार पर प्रवेश दिया जाना है।

### डीपीआई का कोई आदेश नहीं

2 . दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा शिक्षा सत्र 2024.2025 में निजी विद्यालयों में प्रवेश हेतु पालकों द्वारा प्रस्तुत अंत्योदय राशन कार्ड के आधार पर प्रवेश दिया है। अंत्योदय कार्ड के आधार पर प्रवेश देने हेतु लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के द्वारा कोई लिखित आदेश नहीं प्रदाय किया गया है।

### दुर्बल वर्ग सर्टिफिकेट आवेदन मान्य

3. छत्तीसगढ़ राजपत्र में 28 जनवरी 2017 को प्रकाशित छत्तीसगढ़ राशन कार्ड नियम 2016 के प्रावधान 5 -3 के अनुसार अंत्योदय परिवार को अंत्योदय राशन कार्ड प्राप्त करने सक्षम प्रधिकारी द्वारा अंत्योदय परिवार होने का प्रमाण पत्र राशन कार्ड आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है। जिसे फालो नहीं किया गया।

### खाद्य विभाग व निगम में जानकारी नहीं

दुर्ग जिले स्थित निजी विद्यालय में अंत्योदय राशन कार्ड के प्रवेशित बालकों द्वारा प्रस्तुत 78 राशन कार्ड के संबंध में सूचना के अधिकार अंतर्गत दुर्ग कलेक्टर खाद्य विभाग तथा भिलाई नगर निगम से जानकारी मांगी गई। तो इन दोनों विभाग ने जानकारी उपलब्ध न होना बताया है।

**चार घंटे में बुझी आग, 25 से 30 दमकल पहुंचे**

# राइस मिल में लगी आग, लाखों का धान और बारदाना खाक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

रविवार की सुबह चिखली स्थित नारायण राइस मिल में भीषण आग लगने से लाखों रुपए का धान और बारदाना जल गया। घटना सुबह 7.3 बजे की बताई जा रही है। सूचना पर अग्निशमन दल की टीम मौके पर पहुंची। मिली जानकारी के मुताबिक दमकल के 25 से 30 वाहनों के पहुंचने के बाद दोपहर 12 बजे नारायण राइस मिल के आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने दमकल कर्मियों को चार घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।

राइस मिल कैलाश रूंगटा के होने की खबर है। रविवार की सुबह जैसे ही राइस मिल से धुआं निकलना शुरू हुआ तो वहां काम करने वाले मजदूरों ने इसकी जानकारी मालिक को दी। देखते ही देखते धुआं आग की लपटों में बदल गया और तेजी से फैलने लगा। तत्काल मजदूरों को बाहर निकाला गया। सूचना जिला अग्निशमन केन्द्र दुर्ग को दी गई। मौके पर पहले चार से पांच दमकल पहुचे आग बडा होने से अन्य वाहनों को भी भेजा गया। आगजनी में बारदाना और धान भी जल गया। कुछ बारदाने में धान भरा हुआ था, उसके भी जल जाने से गुणवत्ता प्रभावित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है।



### शार्टसर्किट का है संदेह

आगजनी का कारण शार्ट सर्किट होने का संदेह जताया जा रहा है लेकिन जांच के बाद ही कारण का पता चल पाएगा। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक अग्निशमन दल ने धान और बारदाने में अच्छी तरह से पानी डालकर बुझा दिया। जिससे एक भी चिंगारी ना बढ़े और दोबारा आग ना भड़के। मौके पर जेवरा सिरसा चौकी पुलिस की टीम भी मौजूद रही। पुलिस ने मजदूरों और लोगों को मिल एरिया से बाहर किया, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। पुलिस ने बताया कि आग लगने का स्पष्ट कारण पता नहीं लगा पाई है। संचालक को कितने का नुकसान हुआ है इसका आंकलन अभी नहीं किया गया है।

**कहीं सास और कहीं बहू ने एक साथ दी परीक्षा**

# बुजुर्गों ने उम्र के आखिरी पड़ाव में भी शिक्षा पाने की दिखाई ललक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा रविवार को आयोजित हुई। उम्र के आखिरी पड़ाव में पहुंच चुके बुजुर्गों में शिक्षा पाने की ललक दिखाई। कहीं बुजुर्ग सास के साथ बहू परीक्षा में बैठी तो कहीं बुजुर्ग दंपती पति व पत्नी एक साथ परीक्षा दी। 514 केंद्रों में पूरे जिले में करीब 17 हजार असाक्षर लोगों ने परीक्षा दी है। जिनकी आयु 15 साल से लेकर 90 साल तक रही।

### सात अध्याय पूरे करने वाले शामिल

परीक्षा में उन असाक्षर को शामिल किया गया जिन्होंने 200 घंटे का अध्ययन पूर्ण किया या उल्लास प्रवेशिका के सात अध्याय पूर्ण किए हैं। शिक्षार्थियों के सुविधा अनुसार इस परीक्षा का आयोजन सुबह 10 से शाम 5 तक किया गया। प्राप्त रिपोर्ट अनुसार जिले के 16417 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।



### अधिकारियों ने किया निरीक्षण

परीक्षा के मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण हेतु भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के रॉबिन पूनिया अस्सिटेंट सेक्शन ऑफिसर के साथ-साथ लोक शिक्षण संचालनालय के अतिरिक्त संचालक डॉ.योगेश शिवहरे राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण से दिनेश टांक ,सहायक संचालक , लोक शिक्षण संचालनालय के उप संचालक आशुतोष चावरे, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया ।पूरे जिले में 514 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे सभी केंद्रों के लिए केंद्र अध्यक्ष और पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे । जिला नोडल अधिकारी पुष्पा पुरूषोतमन ने बताया कि केंद्रीय जेल के भी 38 असाक्षर बंदी परीक्षा में शामिल हुए उनके लिए केंद्रीय जेल में ही परीक्षा केंद्र बनाया गया ।केंद्र से आए अधिकारियों ने केंद्रीय जेल के परीक्षा केंद्र का भी अवलोकन किया। परीक्षा में सास बहू पति पत्नी दिव्यांग बुजुर्ग सभी ने बड़ी उत्साह से सम्मिलित होकर सहभागिता किया। परीक्षा के मॉनिटरिंग हेतु जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर भी मॉनिटरिंग टीम का गठन किया गया था जिन्होंने परीक्षा का सघन मॉनिटरिंग किया।

### बुजुर्ग दंपती ने कहा बच्चों की खातिर दी परीक्षा



साक्षरता उल्लास परीक्षा दुर्ग के सिकोला बस्ती संकुल परीक्षा केंद्र में बुजुर्ग दंपती ने परीक्षा दी। 86 साल के बृजलाल कुर्रे व 83 साल की उनकी पत्नी शबाना कुर्रे ने कहा कि इस उम्र में साक्षर होना इसलिए जरूरी है कि उनके नन्हे-मुन्ने पोते-पोतियां पुस्तक लेकर आते हैं और कुछ पूछते हैं तो बता नहीं पाते। उन बच्चों को लगता था कि हम अनपढ़ है। अब हम इन बच्चों के साथ खेलते हुए भी कुछ शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। हमारे बेटे-बहुओं को भी अच्छा लगेगा।



हाउसिंग बोर्ड परीक्षा केंद्र में सास संध्या व बहू ममता परीक्षा देते हुए।

**पहली से तीसरी कक्षा स्तर के सवाल :** साक्षरता परीक्षा के सवाल पहली से लेकर तीसरी कक्षा स्तर के पूछे गए थे। सवालों का हल समझ कर बुजुर्ग कर लें। चित्रों को देखकर उनके नाम लिखना। दो शब्दों के सवाल देकर एक दूसरे से जोड़ने के लिए कहा गया। 40 रुपए के लिए 50 पैसे के कितने सिक्कों की जरूरत पड़ेगी। एक दूसरे से लकीर खींचकर संबंध जोड़ने कहा गया था। चित्रों को देखकर उनके नाम पर घेरा लगाना। पोस्टर देखकर उनके बारे में सही बातों के सामने राईट का चिंह लगाना। गद्यांश पढ़कर नीचे दिए गए शब्दों का कितने बार प्रयोग हुआ है।

# कैनाल रोड किनारे 530 लोगों का कब्जा, नोटिस

## निगम आयुक्त ने निरीक्षण कर लोगों से कहा कब्जे स्वयं से हटा लें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर निगम क्षेत्र में निर्मित केनाल रोड नागरिकों के आवागमन का प्रमुख माध्यम बना हुआ है। ख़ुर्सीपार से शुरू हो करके अवंती बाई चौक तक पहुंचने का प्रमुख लाइफलाइन होगा। अभी खुर्सीपार पर से शुरू होकर के नंदनी रोड तक बन गया है। अब कैनाल रोड आगे बढ़ते हुए जोन क्रमांक 3,2,1 से होकर जाकर पूर्ण होना है लेकिन नंदिनी रोड से आगे जाकर के नाले के किनारे किनारे नागरिकों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। जो कैनाल रोड बनाने में समस्या पैदा कर रहा है।

### 530 कब्जेदारों को नोटिस

निगम का प्रयास होगा कि शीघ्रता से सर्वे कर करके कैनाल रोड का निर्माण किया जावे। अभी हम लोग सर्वे कर रहे हैं नोटिस भी बांटा गया है घरों के ऊपर जहां तक टूटेगा मार्किंग भी कर दिया गया है। लगभग 530 मकान का हिस्सा सर्वे में आ रहा है कुछ बचा भी है। कुछ ऐसे लोगों का भी मकान आ रहा है जिन्होंने नहर के ऊपर कब्जा पूरा कब्जा करके मकान बनाया है वह भी टूटेगा।

### कैनाल रोड बनने से बढ़ेगी सुविधा

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन आयुक्त सतीश यादव एवं अभियंताओं को लेकर नाले के किनारे चलते हुए पूरा निरीक्षण किया। रास्ते में लोगों बातें कर रहे थे, बहुत सारे लोगों ने कहा हम इंतजार कर रहे हैं कैनाल रोड कब से बनना शुरू होगा। हम अपना जगह खुद खाली कर देंगे। हम सबको दिख रहा है कि खुर्सीपार में कैनल रोड बन जाने से बहुत अच्छी सफाई हो रही है। सबको अच्छी सुविधा मिल रही है।

### कब्जा खाली करने का भरोसा दिलाया

कैनाल रोड के किनारे रहने वाले मोइनुद्दीन अंसारी ने कहा हम अपना कब्जा खुद खाली करेंगे। नहर किनारे होटल चलाने वाले महेंद्र चौधरी ने कहा हम मिठाई बाटेंगे। जिस दिन कैनाल रोड बनना शुरू होगा। कैनाल रोड का निर्माण एवं सौंदरीकरण अच्छी लाइटिंग लगेगी दोनों बीच सुंदरता के लिए पेड़ होगा।

**29 वैध कॉलोनीवासियों के लिए अच्छी खबर**

# कॉलोनी विकास में खर्च होंगे शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र में वैध कॉलोनी 39 है। जिनके जिनके निवासियों द्वारा मकान बनाए जाने पर विकास शुल्क जमा किया जाता है। तभी उन्हें भवन अनुज्ञा प्रदान किया जाता है। सभी कॉलोनी का अलग-अलग विकास शुल्क की दर निर्धारित की गई है। जैसा उस क्षेत्र में विकास हुआ है उसके आधार पर विकास शुल्क लिया जाता है। जिससे उस क्षेत्र की रोड, नाली, विद्युत व्यवस्था, पीने का पानी, सीवरेज सिस्टम, साफ सफाई स्वच्छता आदि की की प्रतिपूर्ति किया जा सके। हर कॉलोनी के हिसाब से अलग से अकाउंट नंबर खोला गया है। अब पैसा ऊसी खाते में जमा होगा ।इसके आधार पर उसे क्षेत्र का विकास किया जाएगा। ऐसा प्रावधान किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि कॉलोनी के लोग आकर के अलग-अलग मांग करते हैं। जो भी राशि होगी वह इसी मद में खर्च किया जाएगा।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# जिले में छूटे हुए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत अब छुटे हुए परिवार को भी योजना का लाभ मिलेगा। आवास प्लस की प्रतीक्षा सूची में शामिल ऐसे लोगों को फिर से सर्वे कर योजना में शामिल किया जाएगा। खास बात यह है कि, इस योजना को केंद्र सरकार ने 2024-25 से 2028-29 तक बढ़ा दिया है। इसके बाद पीएम योजना से वंचित ग्रामीण भी योजना में शामिल होंगे।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्राम विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक वृद्धि की गई है। योजनांतर्गत छूटे हुये पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने के लिए वर्ष 2018 में तैयार किए गए आवास प्लस सूची को नये मापदण्ड अनुसार संशोधित किया गया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी छूटे हुए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने के लिए सर्वेक्षण में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नहीं होना चाहिए। इस महती योजना का लाभ लेने के लिए ग्राम पंचायतों के सचिव, आवास मित्र एवं रोजगार सहायक से संपर्क जरूर करें।

**खास बातें**

- सर्वेक्षण में शामिल होने के लिए पात्र हितग्राही ग्राम पंचायतों के सचिव, आवास मित्र एवं रोजगार सहायक करें संपर्क
- प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत पात्र हितग्राही स्मार्ट फोन एवं पोर्टल के माध्यम से स्वयं भी करा सकते हैं अपना सर्वेक्षण

## लाभ लेने के लिए सर्वेक्षण में शामिल होने की अपील की गई

### सॉफ्टवेयर के जरिए जिले में सर्वे

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों के ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण के लिए ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को प्रगणक बनाया गया है, सर्वे करने वाले प्रगणक का पंजीयन आवास साफ्ट पोर्टल पर अनिवार्य किया गया है। नये मापदण्ड के आधार पर ग्राम पंचायतों में सभी पात्र परिवारों को आवास प्लस सूची में शामिल करने के लिए प्रगणकों द्वारा आवास एप के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत पात्र हितग्राही स्मार्ट फोन एवं पोर्टल के माध्यम से स्वयं भी अपना सर्वेक्षण कर सकते है।




### खुद भी कर सकेंगे सर्वेक्षण में एंट्री

आवास योजना के तहत किए जाने वाले सर्वेक्षण में हितग्राही खुद भी जुड़ सकते हैं। इसके लिए स्मार्ट फोन के प्लेस्टोर में जाकर फेस ऑथेंटिकेशन सहित आवास प्लस के अपडेट लेटेस्ट वर्शन 2.1.20 के वेबसाईट **pmayg.nic.in** एवं आधार फेस आरडी (प्ले स्टोर) अपलोड कर सकते है। जिसके लिए पात्र परिवार का आधार कार्ड एवं जॉब कार्ड सहित अन्य आवश्यक जानकारी अपलोड कर सकते है। इसमें किसी भी प्रकार के तकनीकी समस्या हेतु संबंधित जनपद पंचायत के आवास के कर्मचारी ग्राम पंचायत के सचिव, आवास मित्र, रोजगार सहायक से संपर्क किया जा सकता है। योजना का लाभ उन्हीं पात्र परिवारों को दिया जाएगा, जो आवश्यक पात्रता की शर्तों को पूरा करेंगे।

---

**खबर संक्षेप**



### शहीदों के शहादत को किया नमन

**दुर्ग।** 23 मार्च को युवा समिति द्वारा शहीद भगत सिंह सुखदेव राजगुरु का शहादत दिवस पूरे सम्मान के साथ दादा दादी नाना नानी गार्डन में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दिनेश चौरे द्वारा देश के क्रांतिकारियों के विचारों को गांव शहर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में आनंद गिलोर, लालदास महिलांगे, राहुल शर्मा, उत्तम, राजा, लोकेश, आकाश आदि शामिल हुए।

### छग सर्व समाज के संभाग अध्यक्ष बने भानु प्रताप



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के तत्वावधान में पांच बिल्डिंग स्थित सामुदायिक भवन दुर्ग में संगठन का विस्तार करते हुए अनेक महत्वपूर्ण पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए भानु प्रताप यादव जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा दुर्ग को दुर्ग संभाग अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ बनाया गया। बैठक मे सर्व समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, महासचिव लखनलाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुरूप साहू संत कुमार केशकर, घनश्याम कुमार देवांगन, गैंदलाल वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ डीपी देशमुख आदि मौजूद थे।

---

**समस्या: जिला अस्पताल में 10 एमडी डॉक्टरों की जरूरत लेकिन है केवल पांच**

# अस्पताल में रोज एक हजार मरीज रिक्त पदों पर नहीं हो रही भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला अस्पताल पिछले लंबे समय से डॉक्टरों की कमी और टेक्निकल कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। जिसके चलते लाखों रुपए की महंगी मशीन कंडम हो रही है, वहीं डॉक्टरों की कमी से मरीजों का दर्द भी बढ़ रहा है। नियमित डाक्टरों की भर्ती नही किए जाने के चलते लिमिट डाक्टरों पर दबाव बढता जा रहा है।

मरीजों की संख्या को देखते हुए दस एमडी डाक्टरों की जरूरत है, लेकिन वर्तमान में यहां सिर्फ पांच की स्वीकृति पर एक ही नियमित हैं और दो एनएचएम मद व एक डीएमएफ से भर्ती किए गए है। एमडी डाक्टरो की कमी के कारण आईसीयू वार्ड, केज्यूअलटी वार्ड में दबाव बढ रहा हैं। दो शिफ्ट होने और कभी डाक्टर के छुट्टी पर जाने से व्यवस्था गडबडा जा रही है। जिला चिकित्सालय जहां 500 बेड उपलब्ध है। यहां 1000 प्लस ओपीडी मरीज स्थानीय एवम् नजदीक क्षेत्र से चिकित्सा सेवा के लिए आते है। विशेष कर माह के प्रत्येक सोमवार को मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में चिकित्सक की कमी से चिकित्सा सेवा प्रभावित हो रही है। जिसमें चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड और आपातकालीन विभाग में स्थिति बेहद खराब हैं। एकतरफ जहां नियमित विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी है, वही इन पदों में भर्ती करने के बजाय जिला प्रशासन डीएफएफ मद के जरिए नौ डाक्टरों के पीछे मोटी रकम फूंक रही हैं। डीएफएफ के तहत नौ डाक्टरों की संविदा नियुक्ति की गई है। जिनका वेतन नियमित से कई गुणा अधिक हैं। जानकारी अनुसार जिला अस्पताल में मेडिकल विशेषज्ञ के पांच पद स्वीकृत है, जिसमें एक ही नियमित हैं। दो एनएचएम मद से डाक्टर लिए गए है। एक डीएफएफ से है। इसमें एक पद रिक्त है। इसी तरह खीरोग विशेषज्ञ के पांच पदों में चार नियमित है, वहीं एक अनुबंधित डाक्टर से काम चलाए जा रहे है। इसी तरह शिशु रोग विशेषज्ञ के पांच पद में दो नियमित हैं, एक अनुबंधित से काम चल रहा है और दो एनएचएम से संचालित हो रहे है। रेडियोलाजिस्ट के चार पद में एक ही नियमित हैं, इसमें तीन पद खाली हैं। निश्वेतना विशेषज्ञ के चार में एक पद नियमित और एक एनएचएम और एक डीएफएफ से कार्यरत है। जबकि एक पद खाली है। सर्जरी विशेषज्ञ के चार में तीन नियमित है और एक डीएफएफ से भर्ती किए गए हैं। ईएनटी (नाक, कान व गला) के तीन पद में दे रिक्त है। जबकि इसकी सबसे ज्यादा डिमांड है। इसी तरह मनोरोग के दो पद में दोनों रिक्त है, जबकि यह गंभीर विषय से जुडा हैं। इस तरह जिला अस्पताल में स्वीकृत 46 पदों में 13 पद खाली है। जिसमें सीनियर साइंटिस्ट, क्लीनिकल माइक्रो बायोलाजिस्ट, क्लीनिकल साइकोलाजिस्ट, फोरेंसिंक विशेषज्ञ पद भी खाली हैं।

## आईसीयू और आपातकालीन विभाग में स्थिति दयनीय



### मशीन चलाने कर्मचारी नहीं, कई दिनों से बंद

जिला अस्पताल में फेफड़े की क्षमता जानने की स्पिरो मेटे नामक मशीन जो पिछले लंबे समय से बंद है। इसे चलाने एक्सपर्ट कर्मचारी नही होने के कारण इसका संचालन बंद पड़ा हुआ है। फेफड़े की रोगी इस सेवा से वंचित हो रहे है, प्राइवेट हॉस्पिटल मे इसकी जांच एक हजार में हो रही है। जबकि जिला अस्पताल में यह सेवा निशुल्क होती है। लेकिन कर्मचारी के अभाव में यह शोपीस बनी हुई हैं।

### समिति ने मांगे थे स्टाफ, भर्ती नहीं

जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही है। हालांकि पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी ने संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने दूसरे ही दिन मनोरोग विशेषज्ञ और ओटी टेक्नीशियन की भर्ती करने निर्देश दिए थे। जिसके लिए विगत पन्द्रह अक्टुबर तक सीएमओ कार्यलय में आवेदन मांगे गए थे। डाक्टरों की भर्ती को लेकर जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर और मानद सदस्य प्रशांत डोंनगावकर द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर भर्ती की मांग की हैं। लेकिन भर्ती और रिक्त पद जस के तस हैं।

### एक भी न्यूरो सर्जन और मनोरोग डॉक्टर नहीं

जिला अस्पताल में एक भी न्यूरो सर्जन नही हैं। न्यूरो सर्जन नही होने के कारण जिले के मरीजों को बाहर इलाज करना पड रहा हैं। वही मनोरोग के भी दो पदों में एक भी डाक्टर फिलहाल नहीं हैं। वही क्लीनिकल साइकोलाजिस्ट भी नही हैं। ऐसे में ज्यादातर मरीज नशा आदि से व्यथित हो रहे है। इसके बाद भी मनोरोग डाक्टरों का अभाव जिलेवासियों को खल रही हैं। ज्यादातर पद रिक्त होने से जिला अस्पताल प्रबंधन को एनएचएम पद से काम चलाना पड रहा हैं।

---

# सेवा सुरक्षा : जरूरतमंदों को बांटे गए हेलमेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सेवा सुरक्षा संस्कार के भाव को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर 151 हेलमेट का वितरण कार्यक्रम बजरंग दल दुर्ग एवं हिन्दू समाज के सहयोग से पटेल चौक दुर्ग में किया गया। मुख्य रूप से आरएसएस जिला संघचालक गंगाधर जाधव एवं जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के हाथो से बजरंगियों को हेलमेट पहनाकर सुरक्षा का अपने परिवारजन के प्रति दायित्व को बताया गया। उन्होंने कहा कि हमारे पास 1-2 साल तक ही उपयोग होने वाला मोबाइल होता है जिसको हम कवर एवं गार्ड लगाकर उसकी सुरक्षा करते है तो हमारा जीवन तो अमूल्य है तो उसकी सुरक्षा के लिए हमको हमेशा तत्पर रहना चाहिए क्योकि छोटी सी चूक हमारे परिवार के सुख शांति को बिगाड़ देगा इसलिए हमेशा सुरक्षित चले।

- 151 हेलमेट का किया गया वितरण

कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला माननीय संघचालक गंगाधर जाधव भैया, संघ दुर्ग नगर कार्यवाह महेश यादव जी, सह कार्यवाह अंजत ताम्रकार जी, हिंदू समाज के प्रतिष्ठित पवन चंद्राकर भैया जी,संजय साहू जी, प्रशांत साहू जी, आशुतोष सिंह जी, डोमेन्द्र सोनकर जी, करतार सिंग जी, मुकेश गुप्ताजी , विहिप प्रांत सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा, विहिप विभाग मंत्री अनिल गुर्जर, बजरंग दल विभाग सह संयोजक रामलोचन राकेश तिवारी, जिला संयोजक सौरभ देवांगन, जिला सह संयोजक खेमलाल सेन, पिंटू जाल,विहिप दुर्ग नगर अध्यक्ष सुनील वैष्णव, बजरंग दल नगर संयोजक बलदाऊ साहू, सह संयोजक मिलाप निषाद, राकेश राज, गौरक्षा प्रमुख नरसिंग सिन्हा, सुरक्षा प्रमुख नीतेश यादव, अखाड़ा प्रमुख आशुतोष तिवारी, राहुल देवांगन, वैष्णव, जितेंद्र सिंग, युवराज शर्मा, वंश राजपूत, विक्की सिंह, किशन साहू, दीपक साहू, अरुण, राहुल,लीलेस, अमित, अनु, रवि राजपूत, गौरव जैन, सतीश चंदेल सहित सभी बजरंगी भाई उपस्थित रहे।

---

# एक दिन मोबाइल का रखें उपवास तो संस्कार बच्चों तक जाएगा : नीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



सामाजिक सद्भाव प्रांत टोली के तत्वाधान में परिवार में संस्कार इस विषय को लेकर मातृशक्ति प्रबोधन के रूप में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य अपने समाज एवं परिवार की सुरक्षा एवं विकास हेतु पूर्ण सजगता के साथ प्रयत्नशील रहते हुए परिवार में संस्कार सुरक्षा एवं प्रगति के ध्येय था। शकुंतला मंगलम दुर्ग में समाज में अपनी महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व को निभाने वाली विशेष मातृशक्तियों द्वारा मातृशक्ति प्रबोधन का आयोजन संस्कार में पारिवारिक सुरक्षा, संस्कार में परिवार का विकास, संस्कार में पारिवारिक सद्भाव, परिवार में संस्कार से धार्मिक एवं आध्यात्मिक उन्नति, परिवार में संस्कार के द्वारा नशा से विमुक्तिकरण, परिवार में संस्कार से आने वाली पीढ़ी को दिशा निर्देश, आज के बदलते परिवेश में परिवार को कैसे सम्हालें विषय पर था। मुख्य अतिथि डॉ नीता बाजपेई, राजकीय संपर्क अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना) एवं पदेन उपसचिव, छत्तीसगढ़ शासन ने सभी विषयों को समाहित करते हुए उदाहरण के साथ मोबाइल का उपवास रखने का सुझाव दिया कि एक दिन हम मोबाइल का उपवास रख सकते हैं, तो यह संस्कार हमारे बच्चों तक जाएगा। अध्यक्षता कर रही वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती सरला शर्मा ने सभी वक्ताओं के सारांश का विश्लेषण किया। डॉ हंसा शुक्ला प्राचार्य स्वरूपानंद महाविद्यालय भिलाई, डॉ श्रद्धा चंद्राकर पूर्व प्राचार्य गुंदरदेही बालोद आदि मौजूद रहे।

- मातृशक्ति प्रबोधन पर संगोष्ठी का आयोजन

---

### पूजा-अर्चना कर पौंड क्लीनर नदी में उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शिवनाथ नदी इंटकवेल के पंप हाऊस में पुलगांव नाला से बहकर आने वाली जलकुंभी व झिल्ली पन्नी फंसने के कारण हमेशा पेयजल आपूर्ति बाधित होती है इसे रोकने नगर निगम द्वारा लगभग 1 करोड़ 48 लाख की लागत से पौंड क्लीनर मशीन खरीदी गई है जिसका निगम के जल गृह विभाग द्वारा विश्व जल दिवस के मौके पर वृहद नाला सफाई अभियान कार्य आरंभ किया। जिसकी शुरुआत करने महापौर श्रीमती अल्का बाघमार एमआईसी सदस्यों के साथ शिवनाथ नदी पहुंची और पूजा अर्चना के पश्चात पौंड क्लीनर मशीन में सवार होकर नदी में जमे जलकुंभियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सफाई अभियान नियमित चलाकर पुलंगाव नाला में भरे कचरे व जलकुंभी को क्लीन करने के निर्देश दिए।

---

# शहीद दिवस पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



भारत माता के वीर सपूत भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत को नमन करते हुए आज शहीद चौक में कांग्रेसजनों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि इन वीरों का बलिदान केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि हर युवा के दिल में जलता हुआ एक ज्वलंत विचार है। उनकी देशभक्ति, त्याग और साहस हमें अन्याय के खिलाफ लड़ने की शक्ति देता है।

- न्याय की रक्षा की प्रतिबद्धता दोहराई

शहीद चौक पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने न केवल भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को नमन किया, बल्कि उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने भारत की आज़ादी और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया और लोकतंत्र, समानता और न्याय की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, अल्ताफ अहमद, महिप भुवाल, संजय कोहले, परमजीत भुई, भास्कर कुंडले, अनूप पाटिल, त्रिशरण डोंगरे, सुशील भारद्वाज, दीपक जैन, विमल यादव, रत्ना नारमदेव, दीपेश देवांगन, सुनीता देवांगन, नासिर खोखर, लव गौर और द्वारिका सुलाके सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सभी कांग्रेसजनों ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के सपनों का भारत बनाने के संकल्प को दोहराया। शहीद दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे जोश और श्रद्धा के साथ भारत माता के जयघोष गूंजे और उपस्थित कांग्रेसजनों ने देश की एकता व अखंडता बनाए रखने के अपने दायित्व को दोहराया।

---

**प्राप्त लक्ष्य 12784 के अनुसार 9203 आवास किए गए स्वीकृत**

# प्रधानमंत्री आवास पूर्ण करने वाला प्रथम जिला बना दुर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला पंचायत सभा कक्ष में ग्राम पंचायत में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी ली गई।

जिला दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बजरंग कुमार दुबे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में सतत निगरानी और कुशल निर्देशानुसार वर्ष 2024-25 के आवास पूर्णता में जिला दुर्ग प्रथम स्थान पर है। वही जिला दुर्ग को प्राप्त लक्ष्य 12784 अनुसार 9203 आवास स्वीकृत किये जा चुके है। लक्ष्य के विरूद्ध 2313 आवास निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। जिले दुर्ग में 2313 परिवारों का पक्का छत में रहने का सपना साकार हुआ है।

- 2313 परिवारों का पक्का छत का सपना साकार

वही आवास मित्रों का मानदेय 16 लाख मानदेय राशि जारी किया जा चुका है। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत पलायन कर चुके, हितग्राहियों की राशि वसूली किये जाने हेतु ग्राम पंचायत भवन में नोटिस चस्पा किये जाऐ साथ ही यथा संभव सम्पर्क करने की कोशिश किया जावें। महात्मा गांधी नरेगा के प्रगतिरथ निर्माण आंगनबाडी निर्माण, पंचायत भवन निर्माण उचित मूल्य की दुकान को यथाशीध्र पूर्ण किये जाने हेतु कहा गया।

बैठक में उपसंचालक पंचायत, समस्त सीईओ जनपद पंचायत, समस्त सहायक परियोजना अधिकारी जिला, एसडीओ (आरईएस), कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत, आवास समन्वयक, अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।




### धारा मे प्रस्ताव तैयार करने कहा गया

विभागीय समीक्षा के दौरान महात्मा गांधी नरेगा के तहत भारत सरकार के प्राप्त निर्देश के अनुसार ई-एमबी, युक्त धारा, संगम अभियान, के विषय में विस्तृत जानकारी दिया गया वही इससे महात्मा गांधी नरेगा के कार्य स्थल में परदर्शिता व जवाबदेही ऑनलाईन अनुसार दिया जा सकेगा। वही युक्त धारा में प्रस्ताव तैयार किये जाने हेतु कहा गया। 10 मार्च 2025 से ई-एमबी मॉडूयल को प्रारंभ किया जा चुका है। ऑनलाईन कार्यस्थल का मूल्यांकन किया जा रहा है।

### पीएम सूर्य योजना से मिलेगा लाभ

बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि पीएम सूर्य घर योजना में लक्ष्य अनुसार हितग्राहियों का चयन किया जावे, इस योजना का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त देना है। इस योजना के तहत घर की छत पर सोलर पैनल लगवाए जाते हैं, जिन पर आने वाली लागत पर सरकार सब्सिडी देती है. इससे बिजली बिल का झंझट तो खत्म होता ही है, बल्कि ज्यादा बिजली उत्पादित करके बेच भी सकते हैं। इसकी पहल के लिए शासकीय कर्मचारी घर प्रस्ताव लिया जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को कहा गया।

---

# नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के 11 जिलों में कांग्रेस पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष की नियुक्ति शनिवार को कांग्रेस जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल द्वारा किया गया। दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष के पद पर पाटन क्षेत्र के ग्राम धौराभांटा निवासी पूर्व सभापति जिला पंचायत दुर्ग एवं किसान नेता राकेश ठाकुर को नियुक्त किया गया। राकेश ठाकुर को जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन के बाद आज माना एयरपोर्ट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट से नवनियुक्त कांग्रेस दुर्ग जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सीधे पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक पाटन भूपेश बघेल जी से मुलाकात करने उनके पदुमनगर भिलाई 3 निवास पहुंचे । जहां जिलाध्यक्ष श्री ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर नवीन दायित्व के लिए आभार व्यक्त किया व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक गतिविधि व संगठनात्मक चर्चा भी हुआ। इस दौरान हरीश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोनू साहू, युवा कांग्रेस जिला महासचिव अमृत राजपूत, सतीश राजपूत, विक्की चंद्राकर, पालेश्वर ठाकुर, श्यामाचरण मनहर, हितेश निर्मलकर, कुणाल मिथलेश, संदीप निर्मल,अमन सिंगौर,रमन चौधरी, अमर, चंदन पटेल, साहिल यादव, शिवेंद्र साहू, केशव यादव, भुवन तुरकाने, थानेश्वर साहू, हेमंत साहू, उमेश पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### धनोरा में चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारी

**उतई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारी जोर-शोर से चल रहा है। दरबार को रंग रोगन किया जा रहा है एवं लाइट डेकोरेशन से सजाया जा रहा है। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि 29 मार्च को रात्रि में बिरही भिगोया जाएगा 30 मार्च रविवार को दोपहर 12 बजे पंडित विनय शर्मा एवं लक्ष्मण बाबा के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा पाठ करके घटस्थापना किया जाएगा। 2 अप्रैल को पंचमी सिंगार 5 अप्रैल शनिवार को शाम 4 बजे अष्टमी हवन का कार्यक्रम एवं 6 अप्रैल रविवार को शाम 4 बजे ज्योति कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस समय नवरात्रि पर्व सिर्फ आठ रोज का है जिन भी भक्तों को दरबार में ज्योति कलश जलवाना है वे गुलाब साहू किराणा स्टोर मे संपर्क कर सकते हैं। ज्योति कलश शुल्क 751 रुपए रखा गया है एवं हनुमान प्रकटोत्सव 12 अप्रैल शनिवार को दरबार से भव्य शोभायात्रा झांकी के साथ गली भ्रमण करते हुए जो महावीर उद्यान में पहुंचकर हनुमान का पूजा पाठ करके पताका चढ़ाकर समापन किया जाएगा। ठीक रात्रि 10 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग हेमलाल कौशल कृत की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम स्थल महावीर उद्यान धनोरा में शोभायात्रा में शामिल होने भक्तों से अपील की है।

## निधन

### मीना गुप्ता



**धमधा।** धमधा निवासी मीना गुप्ता उम्र 80 वर्ष का निधन रविवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार धमधा के दानी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे मनोज गुप्ता, बबला गुप्ता की मां थीं।

### अंचल के विभिन्न स्कूलों में आयोजित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में महिलाओं व पुरुषों ने दी परीक्षा

# 'उल्लास' को लेकर नवसाक्षरों में रहा उत्साह

*उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का रविवार को आयोजित की गई। इस परीक्षा में पति-पत्नी, सास-बहू सहित निरक्षरों ने साक्षर होकर अपनी योग्यता के अनुसार परीक्षा दिलाई। परीक्षा के लिए उम्र और समय का बंधन नहीं था। परीक्षा को लेकर खासा उत्साह परीक्षा केंद्रों में देखा गया। उल्लास परीक्षा में पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रशासन की ओर से परीक्षा के लिए मॉनिटरिंग टीम का गठन भी किया गया था। परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षार्थियों में प्रसन्नता का वातावरण देखा गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्राथमिक शाला को परीक्षा केंद्र और प्रधानपाठक को केंद्राध्यक्ष बनाकर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक साक्षरता की परीक्षा ली गई। साक्षरता परीक्षा में महिलाओं की संख्या पुरुषों से चार गुना अधिक रहा। जो महिलाओं की जागरुकता की मिशाल बनकर जग जाहिर हुई है। पाटन विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे ने बताया कि पाटन ब्लाक में 5500 परीक्षार्थी का टार्गेट पूर्ण हुआ। पुरुष और महिलाओं में परीक्षार्थी 1 पुरुष अनुपात 4 महिला का लगभग आंकड़ा सामने आया है। जामगांव आर संकुल समन्वयक रूपेश साहू ने बताया कि पेपर 2 घंटे की थी, लेकिन परीक्षार्थी 10 से 5 बजे के बीच कभी भी आकर परीक्षा शामिल होने की छूट थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सास, बहु और पति-पत्नी साथ-साथ साक्षरता परीक्षा में परीक्षार्थी रहे। जामगांव आर संकुल समन्वयक रूपेश साहू ने बताया कि संकुल अंतर्गत बोरवाय में 30 महिला 2 पुरुष, खोला में 9 महिला 6 पुरुष, औरी में 26 महिला 14 पुरुष, भन्सुली में 17 महिला 3 पुरुष, जामगांव आर में 17 महिला 3 पुरुष, मोहभट्टा में 25 महिला 17 पुरुष, कानाकोट में 27 महिला एवं 5 पुरुष, परीक्षा सेंटर बोदल में मात्र 26 महिलाओं ने साक्षरता परीक्षा दिए। वहीं जामगांव आर संकुल में 124 महिला 45 पुरुष लोगों ने साक्षरता परीक्षा दी।

### साक्षरता परीक्षा में पुरुषों से महिलाएं 4 गुना अधिक रचा इतिहास





### उल्लास शिक्षार्थियों का किया सम्मान



**पाटन।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान ,नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को शासकीय प्राथमिक शाला घोरारी संकुल केंद्र भरर विकास खंड पाटन जिला दुर्ग में राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमे 12 शिक्षार्थियों ने भाग लिया इसके पूर्व 2024 में 20 शिक्षार्थियों ने भाग लिया था।वहीं रविवार को प्रधानपाठक कमलेश कुमार यादव ने उपस्थित शिक्षार्थियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया। परीक्षा उपरांत उपस्थित सभी शिक्षार्थियों को उपहार स्वरूप पेन केंद्राध्यक्ष कमलेश कुमार यादव और पर्यवेक्षक गणेश्वर प्रसाद पटेल ने भेंट किया।

### पति-पत्नी एक साथ साक्षर होने दिया परीक्षा

**सेलूद।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा 23 मार्च को विकासखंड पाटन में आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों में असाक्षरों के लिए



समुचित व्यवस्था की गई थी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया था और विकासखंड स्तरीय मॉनिटरिंग टीम का गठन किया गया था। परीक्षा केंद्र में असाक्षरों ने बढ़ चढ़कर परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज की। 18 से 90 साल के महिला एवं पुरुषों का उत्साह देखने को मिला। विकासखंड नोडल कमल देवांगन ने बताया कि आगामी सितंबर माह में आकलन परीक्षा का द्वितीय चरण संपन्न होगा। सभी संकुल समन्वयक ने अपने-अपने अधीनस्थ परीक्षा केंद्र का मॉनिटरिंग किया एवं शिक्षकों ने असाक्षरों को परीक्षा केंद्र तक लाने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। पाटन ब्लाक के घुघवा परीक्षा केन्द्र में पति-पत्नी उल्लास का पेपर देते हुए साक्षर होने की खुशी चेहरे से झलक रही है। बड़े ही उत्साह के साथ पेपर दिया और उन्होंने कहा कि साक्षर होने की खुशी किसी अवार्ड पाने से भी बढ़कर लग रहा है। जीवन के चौथे अवस्था में हम पति-पत्नी एक साथ परीक्षा दिये यह हम दोनों के लिए सुखद अनुभव रहा है।

### उल्लास परीक्षा का उद्देश्य लोगों को शिक्षा का अवसर देना



**अंडा।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विनायकपुर शाला में रविवार को उल्लास महापरीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में उन लोगों ने भाग लिया जो पहले पढ़े-लिखे नहीं थे, लेकिन उल्लास कार्यक्रम के तहत उन्हें शिक्षा प्रदान की गई। इस कार्यक्रम के लिए उत्साह के साथ 38 लोग परीक्षा में भाग मे लिए पहुँचे जिनमें 31 महिला व 7 पुरुष शामिल हुए। 38 लोगों का स्वागत आरती और गुलाल के द्वारा किया गया क्योंकि उनमें पढ़ाई करने की इच्छा जागृत हुई। इस परीक्षा के दौरान इन लोगों ने अपनी शिक्षा की प्रगति का प्रदर्शन किया और अपने ज्ञान का परीक्षण किया। परीक्षा के परिणाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे। इस अवसर का उद्देश्य यह परीक्षा उन लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जो पहले पढ़े-लिखे नहीं थे। हमें उम्मीद है कि यह परीक्षा उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।इस कार्यक्रम मे संकुल समन्वयक किशोर कुमार दिल्लीवार, केंद्राध्यक्ष टिकेंद्र चंद्राकर, प्रेमलता योगी, नरेश गायकवाड, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, रामेश्वरी रायते, उषा सिंहा, भावना तिवारी, भारती देशमुख, गुलशन चंद्राकर एवं 10वी 11वी 12वी के छात्र छात्राएं जो वीटी बन कर उनको पढ़ा रहे थे वे भी उपस्थित थे।

### उमरपोटी में हुआ उल्लास कार्यक्रम



**उतई।** ग्राम उमरपोटी में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम 'उल्लास' के अंतर्गत नवसाक्षरों की महापरीक्षा ली गई। इसके लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उमरपोटी एवं प्राथमिक शाला उमरपोटी दो परीक्षा केंद्रों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा ली गई। ग्राम उमरपोटी के जनप्रतिनिधियों ने उत्साह के साथ नवसाक्षरों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़, उमरपोटी के सरपंच विजेंद्र साहू, उपसरपंच सत्य प्रकाश कौशिक, ग्राम मचांदुर के सरपंच युगल किशोर, पंच टिकेंद्र ठाकुर व गणमान्य नागरिक सुखचंद देशलहरे आदि की उपस्थिति रही। वहीं संकुल प्राचार्य कीर्ति प्रधान, संकुल समन्वयक विजय शंकर डहरिया, केंद्राध्यक्ष कल्पना देवांगन प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला, सावंत राम साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला उमरपोटी द्वारा परीक्षा का आयोजन व्यवस्थित रूप से किया गया। नव साक्षरों को परीक्षा के लिए प्रेरित करने और केंद्र तक लाने में छात्रों की विशिष्ट भूमिका रही परीक्षा के आयोजन में व्याख्याता एवं शिक्षक पुष्पांजलि भारद्वाज, डॉ. दीक्षा चौबे, अल्का मेश्राम, संध्या चंद्राकर, शोभा खिलाड़ी, बेबी चंद सिन्हा, ललिता टंडन, मीना कामड़े, राहुल , टुमन देवांगन, हेम प्रकाश दीपज्योति, आशीष शुक्ला, बेनुका देवांगन, चैन सिंह साहू , भावना कश्यप,चौधरी मैडम इत्यादि सभी की विशिष्ट एवं सक्रिय सहभागिता रही ।

### हाईस्कूल अंजोरा में उल्लास महापरीक्षा का आयोजन

**अंजोरा।** शाउमा शाला अंजोरा (ख) दुर्ग केन्द्र क्रमांक 156 में 'उल्लास' नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने के अभियान महापरीक्षा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य संगीता साहू, सरपंच संतोष सारथी,उपसरपंच माखन साहू, पूर्व उपसरपंच रामशेर साहू,शाला के प्राचार्य होरीलाल चतुर्वेदी, प्रभारी व्याख्याता शिवनारायण देवांगन, केन्द्राध्यक्ष उमा राठौड़ सहित सभी शिक्षक ने उपस्थित परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में फूलमाला पहनाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तदपश्चात रमेश यादव, पुष्पा यादव, प्रभा यादव, देवकी यादव, चिन्ता यादव, मुरलीधर यादव, रमशीला देशमुख, चुरावन यादव, मुक्ता यादव, अनिता यादव, अंतर्यामी यादव, दिलीप यादव, नीरा यादव, शांति बाई साहू, गीताजंली यादव, देवयंती यादव,



पानो यादव, गुलापी यादव, दीपक यादव, शशि यादव, भुनेश्वरी निषाद, पार्वती यादव, चंद्रिका यादव, दुतिका यादव, राजकुमारी यादव, मंजु निषाद, शिववती साहू, फकीरा यादव, राधा साहू, शांतिबाई यादव, सोहद्रा यादव, मुन्नीबाई देवांगन, सुरेन्द्र कुमार सोनी आदि 40 परीक्षा दिये जिसमें 31 महिला व 9 पुरुष लोग शामिल हुए। सभी को चाय नास्ता करवाकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्राचार्य होरीलाल चतुर्वेदी, व्याख्याता गण शिवनारायण देवांगन, शशिकला चन्द्राकर, ममता देवांगन, अंजुलता त्रिपाठी, मनोज कुमार गुप्ता, उमा राठौड़, शारदा साहू, भिनेश्वरी साहू, व्यायाम शिक्षक सुभाषिनी ऐलन, शिक्षक के.कविता, सहायक शिक्षक अभिलाषा साहू, मीना रावटे, आकाश दुबे, फगनी निषाद, स्वाती शर्मा, चमेली साहू आदि का योगदान रहा।


## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### 34 प्रकार के फूलों के अर्क से तैयार स्नेह पराग पुष्प तेल




**भिलाई।** 34 प्रकार के फूलों के अर्क से तैयार यह पराग पुष्प तेल बालों के लिए आशीर्वाद है। ऐसा तेल न कभी देखा होगा न कभी लगाया होगा। एक बार प्रयोग कर इसके विषय में जान जाएंगे, इसके सामने सभी तेल भूल जाएंगे। इस तेल में 70 प्रतिशत बालों को जड़ से काला करने का गुण है। रूसी, फूंनसी, खुजली इस तेल को देखकर नमस्ते करता है एवं बाल झड़ने को सतही तौर से जड़ से रोकता है। बालों को इतना घना करे कि आश्चर्यजनक, भीनी-भीनी, खुशबू गुण में ठंडा, शांत, नीद्रा लाये यह कुदरती विटामिन ई से भरपूर बालों के सेबेशिमियश ग्लैंड से जो प्राकृतिक तेल ग्रंथी है। उसे दुरस्त करें ठंडकता पहुंचाए यह गुण इसमें उपस्थित है। स्नेह फार्मास्यूटिकल के कुछ गिने चुने प्रोडक्ट मशहूर एवं प्रचलित है जैसे स्नेह कब्जनाल चूर्ण, नए पुराने कब्ज के लिए आशीर्वाद जटिल यौन कमजोरी के लिए मन्मथ बहार चूर्ण, ट्राईनाईट कैप्सूल, टू-इन फोर्ट कैप्सूल एवं कामेश्वर तेल यौनांगों में लगाने के लिए अत्यंत कारगार है एवं यौन शक्ति की कमी के लिए एनर्जी प्लस कैप्सूल, बालों के लिए रूसी, फुन्सी, खुजली, बाल झड़ने के लिए केश कल्याणी शैम्पों से बाल धोकर पराग पुरूष तेल दिन में दो बार लगाने व बाल पूरी तरह से झड़ रहे हो या गंजापन हो तो स्नेह पुरूष बाल तेल लगातार सिर में लगाएं। यह बालों के लिए आशीर्वाद है। साथ में स्वास्थ्य शीला कैप्सूल दिन में दो बार सेवन करे। एलोपिसिया (बालों में चकते) के लिए पुष्प बाण तेल आशीर्वाद है। कुछ दिन में बाल लहलहाने लग जाएंगे, लेकिन यह हेरिडीटी (अनुवांशिक) न हो एवं पेट साफ रहे इसका ध्यान रखे। परिणाम आश्चर्यजनक देखने को मिलेंगे सभी मेडिकल स्टोर में उपलब्ध है।


### नव निर्वाचित आदिवासी पार्षदों का किया सम्मान



**उतई।** नगर पंचायत उतई के नवनिर्वाचित पार्षद आदिवासी समाज से शिव कुमार मंडावी एवं रामशिला धनंजय नेताम का बुढादेव मंदिर में गोंडवाना विकास समिति की ओर से सम्मान श्रीफल व पीला गमछा भेंटकर उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर मंदिर पुजारी रामदयाल ठाकुर, अमर सिंह ठाकुर, संतोष नेताम, पुनेशवर मंडावी, जीवन लाल मंडावी, केशनी बाई मंडावी, वैदिक ठाकुर, डामिन नेताम, सरोज ठाकुर, छत्तर सिंह मंडावी, तोरण ठाकुर, हरिशंकर ठाकुर, गोंडवाना विकास समिति के अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम जिनकी उपस्थिति में सम्मान किया गया।

# पानी की समस्या को दूर करने कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी, की जा रही साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन नगर पंचायत सीएमओ का एक और अनोखा कार्य गर्मी के मौसम को देखते हुए पाटन नगर पंचायत के सीएमओ हेमंत वर्मा का कार्य देखकर पाटन नगर के जनता में ख़ुशी की लहर उठ गई है। पाटन में नहर नाली में साफ़-सफाई की कार्य तेजी से कार्य कराया जा रहा है। तालाबो और नहरों को साफ़ सफाई के लिए पाटन नगर पंचायत के कर्मचारियों का ड्यूटी लगाकर पानी को लेकर जागरूक करने का कार्य किया गया हैं जिससे लोगों की समस्या को दूर करने के लिए कई प्रकार का प्रयास किये जा रहे हैं। पाटन नगर पंचायत सीएमओ हेमंत वर्मा ने बताया कि लोगों को किसी भी प्रकार से गर्मी में पानी की समस्या ना झेलना ना पड़े उसके लिए खुद गर्मी में निकल कर अपने कर्मचारी के साथ गाड़ी में निकल



पड़ते हैं। वे गर्मी और साफ़ सफाई को ध्यान पूर्वक कार्य कर रहे हैं। सुबह से हर एक वार्ड का भ्रमण करते हैं, वे एक एक वार्ड के जनता के लोगो से पूछते है की पानी और आपके वार्ड के नालियो का साफ़ सफाई होती है कि नहीं। सीएमओ हेमंत वर्मा ने तालाबो का सौंदर्यीकरण और साफ़ सफाई करा रहे हैं। बेजुबान जानवर के लिए गर्मी में पानी की समस्या ना पड़े।

# जैन युवा मंच धर्म संस्कार को मजबूत करने स्वर्णिम इतिहास रचने में सफल होः चौरड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

जैन युवा मंच भखारा राल का गठन कर शपथ ग्रहण समारोह बेलहारी में आयोजित किया गया। जैन युवा मंच में दुर्ग, धमतरी, रायपुर जिले के 22 ग्रामों के जैन परिवारों के युवा सदस्यों को शामिल किया गया है। गौतम चंद चौरड़िया बटरेल, भरत नाहर भखारा, तिलोक चंद ओस्तवाल कुरूद, दीपचंद राय सोनी पचपेड़ी, निर्मल रायसोनी

- ■ जैन युवा मंच के पदाधिकारियों ने ली शपथ

रानीतराई, विनोद नाहर गातापार जैन युवा मंच के संरक्षक बनाए गए है। भखारा राल जैन समाज के जैन श्री संघ जामगांव आर बटरेल, बेलहारी, सुरपा, ओदरागहण, निपानी, पचपेड़ी, रानीतराई, भेलवाकूदा, सेमरा, भखारा, गातापार, बोरझरा, देवरी, जामगांव जी, कुरूद, गुजरा, पंदर, कसही, तर्रागोंदी, देवरी भाठागांव आदि के युवा सदस्य जैन युवा मंच भखारा राल के सदस्य होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में जैन युवा मंच के सदस्य एवं पदाधिकारी गौतम पारख अध्यक्ष, रजत ओस्तवाल, मनीष बैंद , अनिल बंगानी उपाध्यक्ष, जिनेश चौरड़िया एवं अजय पारख महामंत्री, सुनील रायसोनी कोषाध्यक्ष, प्रमोद



#### युवा धैर्यता पूर्वक सोचे समझे फिर कदम बढ़ाए

भखारा राल जैन समाज के वरिष्ठ जैन युवा मंच संरक्षक गौतमचंद चौरड़िया ने कहा कि युवाओं के पास कार्य करने की अदभुत क्षमता है युवा धैर्यता पूर्वक सोचे समझे और कदम बढ़ाए मंजिल कदम चूमेगी। भखारा राल जैन समाज ने 70 वर्षों से संतानों को संस्कार धर्म की शिक्षा दिए है अब बारी है युवा साथियों की वे घर परिवार समाज की धर्म संस्कार की आधार को मजबूत बनाने स्वर्णिम इतिहास रचने में सफल हो। जैन युवा मंच भखारा राल के प्रथम शपथ ग्रहण समारोह में संरक्षक भरत नाहर ने कहा कि 70 वर्षों से संचालित भखारा राल जैन समाज के अधीनस्थ मार्गदर्शन सहयोग पुत्रवत स्नेह प्राप्त करते हुए समाज के विकास में जैन युवा मंच अपनी पूरी ऊर्जा लगाकर संस्कारमय स्वर्णिम इतिहास की रचना करे। वहीं संरक्षक तिलोक चंद ओस्तवाल ने कहा कि भखारा राल जैन समाज का लगभग प्रत्येक घर परिवार युवा साथियों से भरा पूरा है उन्होंने कहा कि समाज सेवा पुण्य का कार्य है और कार्य करने के लिए युवाओं के पास भरपूर ऊर्जा है युवा साथी घर परिवार की तरह समाज को सुसज्जित करने में भरपूर रुचि ले आनंद की गंगा घर परिवार समाज में बहने लगेगी।

चौरड़िया, सुनील नाहर एवं नीरज रायसोनी सचिव, मीडिया प्रभारी आशीष कोचर सहित सदस्यगण आशीष पारख, सतीश नाहटा, मयंक पारख, मनोज पारख, जितेन्द्र पारख, इंदर नाहटा, मनीष नाहटा, वैभव पढीयार, राहुल ओस्तवाल, योगेश ओस्तवाल, राकेश ओस्तवाल, प्रथम ओस्तवाल, रूपेश चोपड़ा, श्रेयांश रायसोनी, ऋषि बडेर, सिद्धार्थ ओस्तवाल, मोहन ओस्तवाल, ऋषभ ओस्तवाल, भविष्य रायसोनी, शुभम रायसोनी, सौरभ रायसोनी, अभिजीत नाहटा, प्रांजल नाहर, आयुष पारख, हितेश रायसोनी आदि को रानीतराई ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच निर्मल जैन ने संस्कार विश्वास भाईचारा की आधार मजबूत करने की शपथ दिलाई।


**न्यायालय तहसीलदार, दुर्ग, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**ईश्तहार/व्यक्तिगत सूचना**

रा.प्र.क्र.:-202502100700044/अ-74/ वर्ष 2024-2025, ग्राम-पोटियाकला, प.ह.नं. 23. तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

प्रति, 01. संजीवनी टंडन
02. चन्द्रकली
03. मुकेश कुर्रे निवासी- गंजपारा व्यवसायिक परिसर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

विषयः-न्यायालय तहसीलदार में मामला कं. / 202502100700044/अ-74/वर्ष 2024-2025 में उपस्थित होने बाबत।

एतद् द्वारा इस नोटिस के जारिये आपको सूचित किया जाता है कि मंथीर लाल भारती पिता स्व. राम दवाल भारती, निवासी आबादी पारा पोटियाकला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग विरुध्द अनावेदक संजीवनी टंडन पिता नामालूम, चंद्रकली पिता नामालूम, मुकेश कुर्रे पिता नामालूम सभी निवासी गंजपारा व्यवसायिक परिसर दुर्ग द्वारा पोटियाकला प.ह.न. 23 तह व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख०क० 93/1, 94/1, 100/4, 95/3, 153/3 रकबा 0.372 हे जो महतरीन बाई पति स्व. उदेराम के नाम पर वर्तमान में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि मेहतरी बाई नें अपने स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि को आवेदक मंथीर लाल भारती के देख-रेख एवं सेवा से प्रसन्न होकर अपने जीवनकाल में दिनांक 20.04.2011 को वसीयतनामा निष्पादित कर शिकायतकर्ता के पक्ष में वसीयत कर उत्तरदत्त कर दिया था कि वसीयतकर्ता की मृत्यु दिनांक 24.02.2019 को हो गई हैं। वसीयतकर्ता की मृत्यु पश्चात से ही वसीयतनामा प्रभावशील हो गया है और आवेदक उपरोक्त वर्णित भूमि का स्वामी हो गया तथा राजस्व अभिलेख मे नामांतरण करने हेतु श्रीमान तहसीलदार दुर्ग में आवेदन पेश किया है। अनावेदकगण के द्वारा आवेदक के फेसिंग को उखाड़ कर एवं तोडकर कब्जे की नियत से प्रीकास्ट सीमेंट दीवाल लगाने की तैयारी की जा रही है। आवेदक द्वारा अवैध कब्जा हटाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर/ दावा पेश करना हो तो पेशी दिनांक 07/04/2025 तक स्वयं अथवा स्वयं के द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति-आक्षेप पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)



**।। न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.) ।।**

रा.प्र.क/202502103200006/ अ 27. वर्ष 2024-25
ग्राम अगार, प. ह. न.- 04
//उद्घोषणा //
(धारा 178 प्रारूप 'क')

क्योकि मौजा ग्राम अगार प०ह०न० 04 रा.नि.मं पेण्ड्रावन तहसील धमधा जिला दुर्ग के भूमिस्वामी आवेदक भगत राम पिता रूपसिंह जाति कलार निवासी अगार तहसील धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है कि मौजा ग्राम अगार तहसील धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 422/4, 424/1, 501/1, 759/3. 759/4, 759/5.828/3, 832/1, 864/1, 907/3, 907/11, 907/12 रकबा 0.30, 0.09. 0.47, 0.10, 0.19, 0.20, 0.05, 0.11, 0.07, 0.025, 0.11, 0.12 कुल खरारा 12 कुल रकबा 1.8350 हे. भूमि राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। उक्त भूमि पर खातेदार भगत राम पिता रूपसिंह अपने दो पुत्र- 1. जगमोहन सिन्हा, 2. चंद्रेश सिन्हा दोनों पिता भगत राम सिन्हा को अपने जीवनकाल में भूमि का हिस्सा देना चाहता है। अतः खातेदार भगत राम सिन्हा पिता रूपसिंह, पुत्र 1 जगमोहन सिन्हा, 2. चंद्रेश सिन्हा के गध्य खाता विभाजन कराने उक्त भूमि जिसका बी-1. ऋणपुस्तिका, आधार की छायाप्रति संलग्न किये है। हमारे उपरोक्त खाते की भूमि को बटवारा (खाता विभाजन) कर अलग अलग नाम से राजस्व अभिलेखो में नाम दर्ज कराकर काबिज व स्थापित रहना चाहते है ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के वाद-विवाद, लड़ाई-झगड़ा स्थिति निर्मित न हो स्वतंत्र होकर अपने-अपने हिस्से की कृषि भूमि पर हर प्रकार के कार्य को करने हेतू स्वतंत्र रहे इसलिए खाते के उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि को खाता विभाजन करने हेतु आवेदन पेश किया गया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। सुनवाई दिनांक 03-04-2025 स्थान तहसील धमधा में दिन 11:00 बजे नियत किया गया है. उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हो एवं अपनी आक्षेपो यदि कोई हो तो पेश करें। उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा। (खाते का विवरण) सर्वेक्षण संख्यांक / भू-खंडाक 422/4. 424/1, 501/1, 759/3, 759/4, 759/5, 828/3. 832/1, 884/1, 907/3, 907/11, 907/12 क्षेत्रफलः 0.30, 0.09, 0.47, 0.10, 0.19, 0.20, 0.05, 0.11, 0.07, 0.025, 0.11, 0.12 हेक्टेयर भू राजस्व 3.40 पै. । आज दिनांक 12/02/25 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

नायब तहसीलदार धमधा
जिला दुर्ग (छ.ग.)

# फिट इंडिया अभियान में स्वस्थ्य रहने का संदेश देने सैकड़ों लोगों ने चलाई साइकिल

## भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रविवार भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित "संडे ऑन साइकिल" अभियान कि तहत इस्पात नगरी भिलाई में बीएसपी साइकिलिंग क्लब, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ एवं ओए-बीएसपी के संयुक्त तत्वावधान में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भिलाई के लगभग 150 से अधिक प्रतिभागियों ने निर्धारित रूट में साइकिलिंग की। इस साइकिल रैली में समाज के सभी आयु वर्ग के बच्चों, महिलाओं एवं पुरूषों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग जिला के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार उपस्थित थे। साथ ही ओए-बीएसपी के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, महासचिव परविन्दर सिंह, साइकिलिंग एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के संरक्षक विनोद खांडेकर, महासचिव चन्नावार, भारतीय खेल प्राधिकरण से पर्यवेक्षक पंकज पाण्डेय एवं परमजीत सिंह, दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव देवप्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रशांत देशमुख, एनआईएस के कोच प्रतीक मनोदिया, बालोद साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव अभिषेक जायसवाल तथा बड़ी संख्या में बीएसपी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

### स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद: बंछोर

नरेन्द्र कुमार बंछोर ने वर्तमान परिवेश में साइकिलिंग की महत्ता व दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ाने हेतु सामूहिक प्रयास किये जाने पर जोर दिया। साइकिलिंग करना न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है वरन पर्यावरण का संरक्षण भी निहित है। उन्होंने कहा कि भिलाई के बुद्धिजीवी सदैव इस प्रकार के भागीरथी प्रयासों में शामिल रहते हैं तथा समाज को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सभी प्रयासों में अपना सहयोग प्रदान करते हैं। इन प्रयासों में भिलाई इस्पात संयंत्र हमेशा आग्रणी रहा है।



### भिलाईवासी करें ज्यादा साइकिलिंग

पवन कुमार कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) ने सभी भिलाईवासियों से अधिक से अधिक साइकिलिंग करने का आव्हान किया जिससे न सिर्फ वे स्वस्थ रहेंगे अपितु वे अपने आसपास के वातावरण और स्थलों को भी जान पाएंगे। एक बेहतर जीवन के लिए व्यक्ति के जीवन में खेल का समायोजन होना आवश्यक है। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन ओए महासचिव परविन्दर सिंह ने किया।

### फिट इंडिया ही हिट इंडिया: सांसद बघेल

कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विजय बघेल, सांसद दुर्ग उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में भिलाई के सभी रहवासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागृत होने का आव्हान किया और उन्होंने कहा कि "फिट इंडिया ही हिट इंडिया" हो सकता है। उन्होंने बच्चों से किसी भी खेल में शामिल होकर अपने शरीर और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का आव्हान किया। सांसद महोदय ने कहा कि आफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयंत्र अपने अधिकारियों के हितों को ध्यान में रखने के साथ-साथ पूरे भिलाई समाज के लिए हितकारी कार्यों को भी बढ़ावा देता है।

## खबर संक्षेप



### नगर सेवाएं में राजभाषा कार्यशाला, मिले पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग के सहयोग से नगर सेवाएँ विभाग में राजभाषा कार्यशाला संपन्न हुई। मुख्य अतिथि सीजीएम उत्पल दत्ता थे। श्री दत्ता ने कहा कि अन्य कार्मिकों को भी हिंदी के आयोजनों में प्रतिभागिता के लिए प्रेरित करना होगा और हिंदी में कार्यालयीन कार्य करने के लिए सहायता करना होगा। नगर सेवाएँ विभाग को संयंत्र स्तर पर हिंदी में सराहनीय कार्यों के लिये वार्षिक राजभाषा वैजयंती पुरस्कार मिलता रहा है, हमें अच्छे प्रदर्शन का यह क्रम लगातार बनाए रखना है। इस अवसर पर नगर पर्यावरण एवं सुरक्षा विषय पर आयोजित नारा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, प्रथम पुरस्कार - संजय कुमार श्रीवास्तव, सुपरवाइज़र (सिविल ज़ोन-2), द्वितीय पुरस्कार - पूरन लाल साहू, सहायक महाप्रबंधक (पीएचई), तृतीय पुरस्कार - सत्यनारायण साहू, व्याख्याता (ईएमएमएस-1) एवं श्री अजय बनर्जी, एस.ए. (लायसेंस शाखा) ने प्राप्त किया। विभागीय प्रतिवेदन सहायक महाप्रबंधक व विभागीय राजभाषा समन्वयक यशवंत कुमार साहू ने प्रस्तुत किया।

### सर्विसेस जोन के कार्मिकों को मिला शिरोमणि



**भिलाई।** बीएसपी के सर्विसेस जोन के अंतर्गत आने वाले विभागों के लिए पाली व कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संयंत्र भवन स्थित मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी के सभागार में किया गया।उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। जुलाई से सितंबर 2024 के लिए अग्निशमन विभाग के कनिष्ठ प्रबंधक श्री देबाशीष भट्टाचार्जी को पाली शिरोमणि पुरस्कार तथा तनिश कुजूर (ईएमडी), दीपक शुक्ला (आरएमडी), उदयराम नेताम (एमआरडी), पुरुषोत्तम राव (फायर ब्रिगेड) और श्री श्वेतांक सिंह (पीपीसी) कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सेवाएं) श्री तुषार कांत ने अपने संबोधन में सर्विसेस के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों में कार्यस्थल से संबंधित चुनौतियों से अवगत कराया।

### सियान सदन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग द्वारा महिला सफाई कर्मचारियों के लिए 'मिशन लक्ष्मी' के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सियान सदन में हुआ। जेएलएन अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा परीक्षण, रक्त में हीमोग्लोबिन, शुगर की मात्र की जांच और पेप स्मेयर की जांच की गई। इस सीएमओ डां. कौशलेंद्र ठाकुर सहित डां. निशा ठाकुर डां.रूचिका ताम्रकार, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) श्री सुशील कामड़े, उप प्रबंधक (एम एंड एचएस) सुश्री पारोमिता दासगुप्ता, शशि सिंह व लता मिश्रा, पैथोलाजिस्ट वी जितेश्वरी व जया आदि उपस्थित थे।

## बीएसपी को बिजली, पानी नुकसान के साथ बढ़ रही अराजकता

# टाउनशिप में अवैध कब्जे की समस्या से दोतरफा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में अवैध कब्जे की समस्या से दोतरफा परेशानी बढ़ रही है। क्वार्टरों में कब्जे से बीएसपी को आर्थिक नुकसान हो रहा है वहीं असामाजिक तत्वों की अराजकता भी बढ़ रही है। इंटक यूनियन ने इस समस्या के निदान के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों को लायसेंस पर बड़े क्वार्टर अलाटमेंट किए जाने की मांग की है। डबल क्वार्टर आवंटित होने से अवैध कब्जे की समस्या का निदान होगा।

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने कार्यपालक निदेशक के नाम ज्ञापन सौंप कर भिलाई टाउनशिप में अवैध कब्जे से क्वार्टरों को बचाने के लिए बीएसपी कर्मचारियों को 650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर लाइसेंस पर देने और 500 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर ट्विन अलॉटमेंट कैटेगरी में देने की मांग की है। इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह के नेतृत्व में गये यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने महाप्रबंधक जेएन ठाकुर को कार्यपालक निदेशक के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र में कर्मचारियों की संख्या कम होते जाने से क्वार्टर खाली हो रहे हैं। अवैध कब्जे बढ़ते जा रहे हैं। टाउनशिप मे असामाजिक तत्वों का दखल बढ़ता जा रहा है इससे संयंत्र कर्मियों को भी परेशानी हो रही है। टाउनशिप को कब्जे से बचाने के लिए 650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर को लाइसेंस पर दिया जाए।

**इंटक ने 650 वर्ग फीट क्वार्टर लाइसेंस पर एवं 500 स्क्वायर फीट तक ट्विन अलॉटमेंट की मांग**



### बड़े आवास करें अलाट

इंटक प्रतिनिधि मंडल ने कहा संयंत्र प्रबंधन की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने कर्मचारियों को वर्तमान जीवन शैली के अनुरूप क्वार्टर उपलब्ध कराये। संयंत्र के कई क्वार्टर बहुत छोटे हैं और वरिष्ठ कर्मचारियों के परिवार की जरूरतों को देखते हुए उन्हें बड़े आवास की जरूरत होती है। वर्तमान में ट्विन अलॉटमेंट 400 स्क्वायर फीट तक का है, जो कि वरिष्ठ कर्मचारियों के परिवार के लिए पर्याप्त नहीं है। इसलिए 500 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर को भी ट्विन अलॉटमेंट में दिया जाए।

### कब्जे बने चुनौती

भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों को बड़े आवास लायसेंस पर अलाटमेंट किए जाने से वर्षों से लाइलाज बनी अवैध कब्जे की समस्या का भी निदान होने में मदद मिलेगी वहीं अपने दीर्घ योगदान से बीएसपी को इस शीर्ष स्थान पर लाने वाले कर्मचारी भी परिवार के साथ सुकून से निवास कर सकेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष पूरण वर्मा, उप महासचिव रमाशंकर सिंह, धनेश प्रसाद, शिव शंकर सिंह, रेशम राठौर, ज्ञानेंद्र पांडेय, राकेश तिवारी, विंसेंट परेरा,, डी शंकर राजकुमार, रमेश चौरसिया और प्रबंधन से महाप्रबंधक विकास चंद्रा एवं सहायक महाप्रबंधक रोहित बैठक में उपस्थित थे।

# सेक्टर-6 सोसाइटी के सदस्य कर्मियों का समूह दुर्घटना बीमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में एक संक्षिप्त आयोजन में सोसाइटी की ओर से भिलाई स्टील प्लांट में सेवारत अपने सदस्य कर्मियों के लिए समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा की पॉलिसी आने वाले वर्ष के लिए इफको टोकियो कंपनी से करवाते हुए औपचारिकताएं पूरी की गईं। इस पॉलिसी से दुर्घटना जनित निधन पर दस लाख की राशि सदस्य के नॉमिनी को देय होगा। आयोजन में अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व सदस्यों की ओर से बीमा की प्रीमियम राशि 31 लाख रुपए का चेक इफको टोकियो कंपनी के प्रतिनिधि और बिजनेस हेड नफीस को दिया गया। अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने इस दौरान बताया कि यह पॉलिसी एक वर्ष के लिए होगी। इसके अंतर्गत दुर्घटना से मृत्यु की स्थिति में बीमा क्षतिपूर्ति राशि दस लाख रुपए होगी। दुर्घटना के फलस्वरूप घायल/अनफिट होने पर क्षतिपूर्ति राशि 5हजार/साप्ताहिक होगी। अध्यक्ष मिश्र ने बताया कि समूह सदस्यों के इंश्योरेंस क्लेम (बीमा दा वा ) बी ए स पी ओ.पी.डी. बुक में उल्लेखित ट्रीटमेंट या रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर द्वारा उल्लेखित ट्रीटमेंट के आधार पर देय होगा। सदस्यों को दुर्घटना की सूचना सोसायटी के माध्यम से लिखित में देनी आवश्यक होगी। इस आयोजन में उपाध्यक्ष श्रीमती इंद्रजीत कौर, संचालक मंडल सदस्य हरिराम यादव,विनोद वासनिक,जे के गहिने और सोसाइटी के प्रबंधक एम मुरलीधर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

- हादसे में मौत पर नॉमिनी को दिए जाएंगे दस लाख
- 31 लाख रुपए का चेक इफको टोकियो कंपनी के प्रतिनिधि और बिजनेस हेड नफीस को दिया

# सेल-एमटीआई और आईआईएम लखनऊ के बीच एमओयू, करेंगे शैक्षणिक सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के मानव संसाधन विकास संस्थान (एमटीआई) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) लखनऊ के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यक्रम सेल के कॉरपोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। निदेशक केके सिंह भी उपस्थित थे। समझौता ज्ञापन पर कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक (एचआर-एल एंड डी), संजय धर तथा अध्यक्ष, प्रबंधन विकास कार्यक्रम, प्रो. सब्यसाची सिन्हा ने हस्ताक्षर किए। सेल निगमित कार्यालय के कार्यपलक निदेशक बीएस पोपली, मुख्य महाप्रबंधक मानस राठ और महाप्रबंधक, प्रबंधन विकास कार्यक्रम, अंजू शर्मा भी उपस्थित थीं।

- नेतृत्व विकास में भी मिलेगी मदद

यह समझौता ज्ञापन सेल और आईआईएम लखनऊ के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। इसमें सेल अधिकारियों के लिए अनुकूलित नेतृत्व विकास कार्यक्रमों का आयोजन, एक-दूसरे को शिक्षकीय सहयोग प्रदान करना तथा आईआईएम लखनऊ के ओपन एग्जीक्यूटिव एजुकेशन प्रोग्राम्स में नामांकन शामिल हैं। दोनों संस्थानों के बीच संयुक्त शोध कार्य, केस स्टडी का विकास एवं प्रकाशन, और तृतीय पक्ष के लिए संयुक्त परामर्श जैसी गतिविधियों में भी सहयोग की योजना है।




### नवाचार को मिलेगी गति

यह सहभागिता सेल की समग्र 'लर्निंग एंड डेवलपमेंट स्ट्रैटेजी' का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ अधिकारियों को रणनीतिक दृष्टिकोण, नेतृत्व क्षमता तथा तकनीकी विशेषज्ञता से सशक्त बनाना है, जिससे संगठन में विकास और नवाचार को गति मिल सके।

## बीएसपी में शक्ति 2025 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग और एलएंडए पीआर विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य सभागार में शक्ति-2025' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक शिखा दुबे तथा कॉमिक एक्टर हरप्रिया बेंस विशेष रूप से उपस्थि थीं। डां. कहा कि महिलाओं ने अपने अटूट समर्पण से सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को उत्कृष्ट महिला बनने के लिए प्रोत्साहित किया। श्रीमती बैंज ने हास्य प्रसंगों से दर्शकों को मुग्ध कर दिया। कविता लेखन प्रतियोगिता तथा शक्ति क्विज पर आधारित विषेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कविता प्रतियोगिता के लिए अमृता गंगराडे को प्रथम, अल्का तारे द्वितीय तथा सुश्री यामनी ताम्रकार को तृतीय पुरस्कार मिला। उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया ने क्विज का संचालन किया। क्विज में प्रथम प्रियंका एम साहू और प्रियंका राज गुप्ता की टीम, द्वितीय मोनिषा और अर्चना की टीम तथा तृतीय स्थान शबनम, श्वेता और अंकिता मोहानिया की टीम ने प्राप्त किया। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।



# वेलफेयर कौंसिल गोंड समाज का मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वेलफेयर कौंसिल ऑफ़ गोंड समाज का राज्य स्तरीय वार्षिक आम सभा और पारिवारिक मिलन समारोह अंबेडकर भवन सेक्टर 6 में हुआ। विशिष्ट अतिथि विधायक देवेंद्र यादव थे। उन्होंने समाज को सामाजिक भवन के लिए हर संभव मदद करने का वादा किया। समाज के अध्यक्ष रघुबर गोंड ने बताया कि समाज द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हैं, उनके बच्चों का शैक्षणिक शुल्क उनके स्कूल में जाकर समाज द्वारा भुगतान किया गया। समाज के वरिष्ठ जनों द्वारानशे से दूर रहने और बच्चों को शिक्षित करने की अपील की गई। जी सी अकादमी के संस्थापक अर्जुन शाह द्वारा बच्चों का क्विज़ का आयोजन किया गया और प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले तक के बच्चों को समाज द्वारा पुरस्कृत किया गया। पूर्व में स्व. प्रयाग शाह को श्रद्धांजलि दी गई। युवक युवती का परिचय उनके माता-पिता के साथ किया गया।

डां. नमिता नरेटी द्वारा फिजियोथेरेपी से संबंधित जानकारी दी गई और समाज के लिए विशेष कार्य के लिए श राजकुमार प्रसाद, श्री लाल, राम ठाकुर, एवं श्री अशोक कुमार का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर महासचिव अविनाश रंजन कश्यप, केशनाथ, अजय शाह, अभिषेक धनेश प्रसाद जलेश्वर शाह दीपक शाह शिवबचन प्रसाद सहदेव प्रसाद बबन प्रसाद विजय प्रसाद सुभाष राम अशोक गोंड श्रवण कुमार अवधेश कुमार राम अवतार शाह एवं महिला कार्यकारिणी की अध्यक्ष नीता प्रसाद, महासचिव रंजन सूरज, सिमरन शाह,पुष्पा प्रसाद,आशा कश्यप, अनीता प्रसाद,कुसुम देवी,नीलम, नर्मदा कश्यप उपस्थित थे।



- आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों का सम्मान

## श्री सिद्ध बाबा बालकनाथजी मन्दिर में किए तीन महीने का मानदेय दान

# विधायक रिकेश के मानदेय से क्रय होगी रोटी मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

श्री सिद्ध बाबा बालकनाथजी मन्दिर में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अपने तीन महीने की मानदेय राशि अर्पित की है। सेन द्वारा दी गई लगभग 6 लाख की इस राशि से मंदिर समिति द्वारा रोटी बनाने की बड़ी मशीन क्रय की जाएगी। पार्षद रहते हुए रिकेश सेन ने 2023 के विधानसभा चुनाव के पूर्व बाबा बालकनाथजी से मन्नत मांगी और अपने शांति नगर निवास से लगातार 5 रविवार तक पैदल यात्रा कर वे खुर्सीपार स्थित बालकनाथ मंदिर पहुंचे थे। विधायक बनने के बाद रिकेश ने रविवार सुबह मंदिर पहुंच पूजा अर्चना की और अपनी मन्नत पूरी होने के बाद आशिर्वाद ग्रहण करते हुए उन्होंने समिति से यह बात बताई और समिति से चर्चा कर रोटी बनाने की मशीन के लिए उन्होंने अपने तीन माह का विधायक मानदेय अर्पित किया है। रिकेश विधायक बनने के बाद लगातार अपनी मानदेय राशि ईश्वर और जनसेवा में समर्पित करते रहे हैं। उन्होंने नेहरू नगर गुरूद्वारा को शव फ्रिजर के लिए ई रिक्शा, चैरिटेबल अस्पताल के लिए मार्डन डेंटल चेयर, बैजनाथ धाम झारखंड में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर प्रांगण की गलियों में रबर मैट, बालोद के प्रसिद्ध मां गंगा मैया मंदिर में सोने का टीका तथा सेक्टर-9 भिलाई हनुमान मंदिर में भी सोने का टीका अर्पित किया है। बहुप्रतिक्षित बैकुंठ धाम में उन्होंने अपनी पुस्तैनी जमीन बेंच कर सूर्यकुण्ड तालाब का निर्माण करवाया। जिससे न केवल आसपास के क्षेत्र की रौनक बढ़ी बल्कि यहां का वाटर लेबल बढ़ने से पाईप लाईन बिछा कर लोगों तक घरों तक जल आपूर्ति भी संभव हो सकेगा।



### विशाल भंडारे के लिए होगा मशीन का उपयोग

61 वर्ष पूर्व गुरुदेव महाराज सेवाराम भगत द्वारा सिद्ध श्री बाबा बालकनाथ की प्रतिमा की स्थापना खुर्सीपार में की गई थी। तब से भिलाई दुर्ग रायपुर सहित छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों से श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। वर्ष 2022 के मई महीने में सेवाराम भगतजी का निधन हुआ। महाराज सेवाराम भगत ने ही मंदिर की नींव रखी थी। श्री सिद्ध बाबा बालकनाथजी मंदिर में प्रतिवर्ष महायज्ञ एवं विशाल महाभंडारा होता है जिसमें लाखों श्रद्धालु पहुंच कर महाप्रसाद ग्रहण करते हैं। बाबाजी का महायज्ञ एवं महाभंडारा मार्च महीने में लगभग 8 से 10 दिन तक होता है। इस दौरान वाहन रैली, झंडा लेकर प्रभात फेरी, बाबाजी का अभिषेक एवं विशाल भंडारा के आयोजन में देश के भिन्न भिन्न शहरों से श्रद्धालुजन भाग लेते हैं और एक लाख से अधिक लोग महाप्रसाद ग्रहण करते हैं।

### पहले भी दे चुके हैं अन्य मंदिरों में मानदेय

विधायक सेन ने कहा कि श्री सिद्ध बाबा बालकनाथजी मन्दिर के प्रति भिलाई-दुर्ग के निवासियों की गहरी श्रद्धा है। बाबा बालकनाथ मंदिर की रसोई में 50 हजार से ज्यादा लोगों का भोजन तैयार होता। महिलाएं रोजाना आकर अनाज की साफ-सफाई सहित अन्य कार्य संभालती रही हैं। मंदिर कमेटी श्री सिद्ध बाबा बालकनाथ मंदिर में हर वर्ष भक्तों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। खासकर महायज्ञ में शामिल होने छत्तीसगढ़ के शहरों सहित अन्य प्रदेश से भी श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। इसलिए समिति से चर्चा कर मैंने तीन माह का अपना मानदेय यहां अर्पित किया है ताकि इस राशि से रोटी बनाने की मशीन स्थापित हो सके। महाभंडारा और रसोई के लिए यह मशीन काफी उपयोगी होगी।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 24 मार्च 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 9755819129




क्लासिक फैशन

## लाइव इवेंट

### कैंपस सलेक्शन में साक्षात्कार के बाद 19 को मिला रोजगार, छात्राओं ने मारी बाजी



**भिलाई।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। आई टी के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाली कंपनी में कैंपस सलेक्शन के जरिए विद्यार्थियों का चयन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ विमल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंपस चयन में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी द्वारा बीपीओ के लिए एग्जीक्यूटिव की लगभग 100 रिक्तियों के लिए चयन प्रदेश के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थाओं में कैंपस के जरिए किया जा रहा है।कंपनी की सीनियर मैनेजर डेबोराती भादुड़ी ने बताया कि एग्जीक्यूटिव की रिक्तियां देश की विभिन्न शाखाओं के साथ ही नया रायपुर ब्रांच में भी है, जिसके लिए हमारी प्राथमिकता छत्तीसगढ़ प्रदेश के विद्यार्थियों का चयन करने का है। कैंपस में पहले विद्यार्थियों को लिखित परीक्षा से गुजरना पड़ा, जिसमें स्क्रुटनी करके विद्यार्थी इंटरव्यू के लिए पात्र हो पाए। टीम ने चयनित सभी का व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया। सभी टेस्ट लेने के बाद कुल 19 विद्यार्थियों का कैंपस सलेक्शन किया गया।

प्लेसमेंट सेल की एकता मिश्रा और प्रभारी डॉ विमल कुमार ने बताया कि लगातार रोजगार मार्गदर्शन के माध्यम से विधार्थियों को प्रशिक्षण के साथ ही विशेषज्ञों के व्याख्यान से भी अवगत कराया जा रहा है। डॉ शेफाली माथुर, धीरेन्द्र पराते, जागेश्वर प्रसाद, कंपनी के दिया सिंह एवं नैंसी सीवानी ने परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिए की सक्रिय भागीदारी ही। विश्वविद्यालय के चांसलर आई पी मिश्रा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। कुलपति डॉ ए के झा दवरा प्लेसमेंट सेल की गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं।


## सिटी इवेंट

### 24 हजार गायत्री मंत्र का जप व अनुष्ठान करने साधक करेंगे तैयार, कार्यकर्ताओं की हुई बैठक



**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में वर्ष 2026 में आयोजित अखण्ड-दीप ज्योति कलश की शताब्दी वर्ष एवं गायत्री परिवार की माताजी भगवती देवी शर्मा की 2026 में जन्म-शताब्दी महोत्सव की तैयारी के लिए शिव गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर भिलाई में रविवार को उपजोन स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा तथा बालोद जिला के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मलित हुए। वर्ष 2026 से 2050 तक पं श्रीराम शर्मा आचार्य के युग परिवर्तन को सुनिश्चित मानते हुए इस अवधि तक भारत देश से चौबीस लाख, चौबीस हजार ऐसे प्राणवान गायत्री साधक तैयार करना है जो कि परिवार में रहकर तन, मन ,धन और ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए 24-24 हजार गायत्री मंत्र का जप - अनुष्ठान करते हुए पूरे विश्व को समर्थ व सशक्त बनाने में अपना योगदान दे सके जहां समस्त प्राणियों को सुख-शांति की अनुभूति हो सके। इसके लिए गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ साथ ही उपस्थित इच्छुक कार्यकर्ताओं व साधकों को संकल्प पत्र वितरण किया गया। इस गोष्ठी को उप जोन समन्वयक एस. पी सिंह, डॉ एस. कुमार, डॉ खोमलाल साहू, धीरज लाल टांक, बी. पी. सिंह, रामकिंकर पाण्डेय, डॉ विशाल चन्द्राकर, वासुदेव शर्मा, लोकनाथ साहू ने संबोधित किया। आयोजित कार्यकर्ता गोष्ठी में गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता एस पी सिंह, वासुदेव शर्मा, डॉ एस कुमार, मोहन उमरे, रामाधार महिलांग, बी पी सिंह, राजकुमार सिंह, समय लाल साहू, रामेश्वरी सिन्हा, सरोज सिंह, मेघ वर्मा, बोधन सिंह ठाकुर, मूलचंद वर्मा, पृथ्वी पाल साहू, कौशल कुमार आडिल, डॉ कामता प्रसाद साहू, रोमलाल साहू, सुनील वैष्णव, कांति साहू, हेसरी साहू, छावनी से भूपेन्द्र पटेल सहित गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ से संबद्ध ट्रस्टी सहित महिला - पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित उपस्थित रहे। गोष्ठी का संचालन धीरज लाल टांक व आभार रामाधार महिलांग द्वारा किया गया।

### हनुमान मंदिर में बह रही भक्ति की धारा, आज कृष्ण जन्मोत्सव



**भिलाई।** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, केम्प-1 भिलाई के प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन जन कल्याण के लिए किया गया है। क्षेत्र के श्रद्धालुओं द्वारा 21 से 27 मार्च तक चलने वाले भागवात सप्ताह में श्री श्री 108 खाखी अखाड़ा अयोध्या के दामोदर दास महाराज के मुखारवृन्द से श्रद्धालु कथा का श्रवण कर रहे है। आयोजक आचार्य ओमप्रकाश द्विवेदी केम्प-1, भिलाई ने जानकारी देते हुए बताया कि भागवत सप्ताह की शुरुआत 21 मार्च को सुबह श्रद्धालुओं द्वारा गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाल कर की गई। जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत किया गया। जिसमें काफी संख्या में क्षेत्र के भक्त उपस्थित रहे।कलश यात्रा के बाद दोपहर 2 बजे से भागवत कथा की शुरुआत की गई। कथा के पहले दिन कथा वाचक दामोदर दास महाराज ने भागवत कथा के महात्म्य का सुंदर वर्णन श्रोताओं को कराया।

● राम का नाम केवल भक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने की प्रेरणा भी

# कठिन परिस्थितियों में भी राम भक्तों के कदम कभी नही रुके, चार दशकों की निरंतरता और लगन का परिणाम, बड़े स्तर पर रामभक्तों की टोली हो चुकी संगठित: प्रेम प्रकाश

राम का नाम केवल भक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने की प्रेरणा भी है। राम का नाम हमें यह सिखाता है कि समाज के हर वर्ग को एकजुट कर, अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेजते हुए आने वाली पीढ़ियों तक ले जाना हमारा कर्तव्य है। समिति के रामभक्त दशकों से श्रीराम के जयघोष के साथ भगवा ध्वज को गर्व से ऊंचा रखते आ रहे हैं। कठिन परिस्थितियों में भी, इन भक्तों के कदम कभी नहीं रुके। आज चार दशकों की निरंतरता और लगन का परिणाम है कि इतने बड़े स्तर पर रामभक्तों की टोली संगठित हो चुकी है। प्रभु श्री राम के चरित्र पर आधारित यह सारगर्भित बातें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कही। जिससे पूरा कार्यक्रम स्थल जय श्री राम के नारों से गूंजायमान रहा। अवसर था श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा आयोजित ध्वजवाहकों के सम्मान कार्यक्रम का।

**भिलाई।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा विगत 39 वर्षों से श्रीराम नवमी के अवसर पर निकाली जा रही शोभायात्रा के ध्वजवाहकों का सम्मान समारोह रविवार को आयोजित किया गया। श्रीरामनवमी उत्सव के 40वें वर्ष के अवसर पर गणेश पूजा मंच सेक्टर -2 में आयोजित इस सम्मान समारोह में 1100 से अधिक ध्वजवाहकों और झांकी प्रमुखों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति के संरक्षक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर समिति द्वारा एक मुट्ठी दान- प्रभु श्रीराम के नाम अभियान की शुरुआत की गई, जिसमें भक्तों ने अपने घरों से दान प्रदान कर अपनी आस्था और समर्पण व्यक्त किया। यह अभियान 5 अप्रैल तक चलाया जाएगा, जिसमें समस्त भिलाईवासियों से इस पुण्य अभियान में सहभागी बनने आह्वान किया गया।




### कठिन परिस्थितियों में भी भक्तों के कदम रुके नहीं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव समिति विगत 39 वर्षों से सतत रूप से शोभायात्रा का आयोजन करती आ रही है। इस शोभायात्रा में आज 1100 से अधिक मंदिरों और पूजा स्थलों से भगवा ध्वज लेकर ध्वजवाहक भाग लेते हैं। श्री पाण्डेय ने यह भी कहा कि इन ध्वजवाहकों का सम्मान केवल इसलिए नहीं किया जाता कि वे ध्वजवाहक हैं, बल्कि इसलिए किया जाता है कि वे पूर्ण नियम पालन और निष्ठा के साथ भगवा ध्वज लेकर चलते हैं। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों और रामभक्तों को उनके निरंतर योगदान के लिए साधुवाद दिया, जिन्होंने इस श्रीरामनवमी के आयोजन को चार दशकों से सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया है।

### एक मुट्ठी दान- प्रभु श्रीराम के नाम अभियान का दूसरा वर्ष

श्री पाण्डेय ने अपने संबोधन में यह भी बताया कि समिति द्वारा विगत दो वर्षों से चलाए गए एक मुट्ठी दान- प्रभु श्रीराम के नाम अभियान को इस वर्ष भी जारी रखा गया है। इस अभियान की शुरुआत सेक्टर -2 के विभिन्न घरों से अन्न संग्रहित कर की गई। 24 मार्च से इस अभियान को और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भाग ले सकें। श्री पाण्डेय ने भिलाईवासियों की उदारता का उल्लेख करते हुए कहा कि विगत दो वर्षों से इस अभियान के तहत 100 क्विंटल से अधिक अनाज संग्रहित किया गया था, जो समाज में सेवा और समर्पण की भावना को दर्शाता है।

### समाज के युवाओं को किया प्रोत्साहित

श्रीराम जन्मोत्सव समिति युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने कहा कि इन 40 वर्षों में समिति ने अनेक बाधाओं का सामना किया, लेकिन रामभक्तों की मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने हर कार्य को पूरा किया। उन्होंने कहा कि समिति एक उदाहरण है कि कैसे एक संगठन समाज के हित में कार्य कर सकता है। उन्होंने समाज के युवाओं को भी प्रोत्साहित किया कि वे आगे आएं और इस प्रकार के कार्यों में अपना योगदान दें। श्री पाण्डेय ने 40 वर्षों के इस सफर की सफलता का श्रेय सभी सदस्यों की मेहनत और उनके समर्पण को दिया। समिति का यह प्रयास रहेगा कि वे आगे भी इसी प्रकार के कार्य करते रहें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं। इस अवसर पर समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने ने कहा कि आज मध्य भारत के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन के रूप में समिति के श्रीरामनवमी उत्सव ने अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। यह समस्त भिलाइवासियों के बहुमूल्य सहयोग एवं हमारे ध्वज प्रमुखों की अगुवाई में सार्थक हुआ है। प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर ने कहा कि श्रीरामनवमी का यह उत्सव करोड़ों देशवासियों के आस्था एवं प्रभु श्रीराम के प्रति अनन्य आस्था का प्रतीक है जो हमारी गौरवशाली सनातन परंपरा को जीवंत रखे है। कार्यक्रम का संचालन समिति के जिला अध्यक्ष मदन सेन ने किया।





### यह रहे उपस्थित

इस दौरान मुख्य रूप से समिति कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, विष्णु पाठक, रविन्द्र भगत, लालचंद मौर्य, प्रशांत पाण्डेय, बसंत प्रधान, महिला शाखा अध्यक्ष शीला वाघमारे, मेघा कौर, गीतांजलि कौशिक, जोगिंदर शर्मा, दीपक मिश्रा, संजय दानी, तिलकराज यादव, बी पद्मनाभम, गोल्डी सोनी, गारगी शंकर मिश्र, रिंकू साहू, संजय साहू, मुरलीधर अग्रवाल, मेवालाल यादव, धर्मेंद्र सिंह, धर्मेंद्र भगत, अरविंद वर्मा, गिरीजा बंछोर, शकुंतला साहू, ईश्वरी नेताम, गोल्डी सोनी सहित सहित हजारों की संख्या में रामभक्त एवं समिति के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित थे।

## सिविल सर्विस में सफल होने दृढ़ता और कठिन परिश्रम जरुरी, डेली अखबार पढ़ने किया प्रेरित

**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय में सिविल सर्विस एस्पिरेंट क्लब द्वारा सिविल सर्विस परीक्षा सबंधी प्रारंभिक तैयारी एवं कोर्स के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सिविल सर्विस, यूपीएससी की तैयारी और परीक्षा के विभिन्न चरणों की जानकारी देना था।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एमजी रोईमोन ने सिविल सर्विस के कोर्स के संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि एक छात्र में परीक्षा में सफल होने के लिए लगन, दृढ़ता एवं कठिन परिश्रम की भावना होनी चाहिए। महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ पी एस वर्गीस ने छात्रों को अपनी पढ़ाई के प्रति ध्यान केंद्रित करने एवं निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय की अधिष्ठाता अकादमिक डॉ देबजानी मुखर्जी ने छात्रों को अपना आत्मविश्वास बनाये रखने एवं ईमानदारी से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता विनय सिंह ने सिविल सर्विस परीक्षा महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस क्षेत्र में नौकरी करते हुए छात्रों को देश विकास में भागीदार बनने का सुनहरा अवसर मिलता है। उन्होंने परीक्षा के रिजल्ट, प्रारम्भिक और मुख्य परीक्षा के ढांचें का वर्णन किया



और व्यक्तिगत परीक्षा का महत्त्व भी बताया। उन्होंने नियमित रूप से प्रमुख समाचार पत्रों को पढ़ने एवं सदैव करेंट अफेयर्स की जानकारी रखने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विनय सिंह ने छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी शंकाओं का भी समाधान भी किया।

कार्यक्रम में सिविल सर्विस एस्पिरेंट क्लब की संयोजक डॉ शीजा वर्की, समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ दीप्ती संतोष सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित थे। अंत में एमकॉम की छात्रा अर्शिया मरियम कुरियन ने आभार व्यक्त किया।

## पानी बचाओ का संदेश देने निकाली जन-जागरुकता रैली

**भिलाई।** वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के समय में पानी की विकराल समस्या को देखते हुए इसके संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से विश्व जल दिवस के अवसर पर जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरुक किया गया।

एनसीसी निदेशालय मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, भोपाल एवं एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार छ. ग. घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी, अंजोरा के कमान अधिकारी कर्नल अमन सिंह के मार्गदर्शन में 22 मार्च विश्व जल दिवस के अवसर पर युनिट के एनसीसी कैडेटों द्वारा 'जल ही जीवन है' एवं 'जल है तो कल है' के थीम पर ग्राम पंचायत अंजोरा में पानी बचाने तथा पानी का जीवन में महत्व एवं इनको व्यर्थ बहने से रोकने के लिए जन-जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न मोहल्ले के आम नागरिकों को विभिन्न पोस्टर, नारा एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों पानी को सहेजने का संदेश दिया गया।




कार्नर न्यूज

कला मंदिर सिविक सेंटर में हुआ आयोजन, हृदय रोग विशेषज्ञों ने दी जानकारी

## युवाओं मे हार्ट अटैक के बढ़ते कारणों और बचाव के विशेषज्ञों ने बताएं उपाय, आपातकालीन स्थिति से बचने किए सवाल-जवाब

**भिलाई।** सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कलामंदिर में रविवार को डीएम कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ सुलभ चंद्राकर तथा डॉ गौरव त्रिपाठी की अगुवाई में आकस्मिक हृदयाघात पर परिचर्चा आयोजित की गई। भारत विकास परिषद, जैन मिलन व जैन ट्रस्ट, सेक्टर 6 तथा न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस परिचर्चा में आकस्मिक हृदयाघात के मामलों खास कर युवाओं में इस तरह के बढ़ते मामलों के संभावित कारणों, सावधानियों तथा बचाव के उपायों को दोनों हृदयरोग विशेषज्ञों ने प्रभावी तरीके से रखा। साथ ही हृदयघात की आपातकालीन स्थिति में मरीजों और आकस्मिक हृदयाघात के कारण मृत्यु से कैसे बचाया जाए, इस पर गहन चर्चा करने के साथ-साथ विषय से संबंधित सवालों के जवाब भी दिए गए।

डॉ सुलभ चंद्राकर ने अखबारों का हवाला देते हुए कहा कि अक्सर यह खबर पढ़ने में आता है कि किसी व्यक्ति की नृत्य करने या फिर एक्सरसाइज करने के दौरान मृत्यु हो गई। देखा जाए तो युवाओं की मृत्यु के 80 फीसदी मामले हृदयाघात से जुड़े होते हैं। सवाल ये उठते हैं कि क्या वह स्वस्थ था, क्या उसे पहले से ही कोई परेशानी थी, क्या उसने हृदयरोग के लक्षणों के बारे में कोई संकेत दिया था या रोग जेनेटिक था।



और सबसे बड़ा सवाल क्या उसे बचाया जा सकता था। ऐसे झकझोर देने वाले सवालों के बीच डॉक्टर ने यह भी बताया कि हृदय कैसे काम करता है।

उन्होंने बताया कि हृदय एक चैंबर की तरह होता है, जिसमें स्वतः ही इलेक्ट्रिक और ब्लड सप्लाई होती है, जिसके कारण वह लगातार धड़कता है। हृदय के तीन घटक होते हैं, इलेक्ट्रिक सप्लाई, ब्लड सप्लाई और मांसपेशियां। तीनों में से किसी में भी समस्या आने पर हृदयाघात की संभावना बढ़ जाती है। जन्म के समय हमारी नसें सामान्य होती हैं, इनमें कोई ब्लॉकेज नहीं होता, लेकिन वक्त के साथ-साथ कैल्शियम और कोलेस्ट्रॉल का जमना शुरू हो जाता है। डॉ गौरव त्रिपाठी ने चेताया कि हृदयाघात से आचानक मृत्यु भी हो सकती है। शुरू में जोखिम कम होती है, लेकिन बाद में यह बढ़ जाती है।सभी हृदयरोगियों के लक्षण एक जैसे नहीं होते। किसी मरीज को सांस लेने में तकलीफ होती है तो किसी मरीज के सीने में दर्द होता है। अपने स्तर पर 325 मिलीग्राम वाली गोली चबाकर भी प्राथमिक उपचार किया जा सकता है। लेकिन अस्पताल अवश्य ले जाएं। दोनों विशेषज्ञों ने सीपीआर देने का तरीका भी बताया।

डॉ सुधीर गांगेय ने युवाओं में हृदयाघात के लगातार बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की। इस रोग के कारणों का विश्लेषण किया गया कि कहीं इस रोग का सीधा संबंध कोरोना, तनाव या फिर खान-पान से तो नहीं। इस अवसर पर बीएसपी के पूर्व एमडी वी के अरोरा, ओए अध्यक्ष एन के बंछोर, महासचिव परमिंदर सिंह, सीएमएचओ डॉ मनोज दानी, पूर्व बीएमएचओ डॉ सुदामा चंद्राकर, जैन मिलन व जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश जैन तथा भारतीय विकास परिषद के अध्यक्ष राजीव रंजन गर्ग खास तौर पर मौजूद थे।



सिटी इवेंट

## अंबेडकर जंयती की तैयारी शुरु विभिन्न स्थानों से निकलेगी रैली



**भिलाई।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अप्रैल को बाबासाहेब अंबेडकर जयंती के अवसर पर अंचल में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। आयोजन के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई थी। इस दौरान आयोजन की रुपरेखा बनाई गई।

- 14 अप्रैल को आयोजन के लिए अंबेडकरवादी संस्थाओं की हुई बैठक

बैठक की जानकारी देते हुए प्रतिमा प्रबंध समिति पावर हाउस चौक भिलाई के सचिव बालाराम कोलते ने बताया कि विगत 40 वर्षो से भिलाई के हृदय स्थल पावर हाउस चौक पर स्थित बाबासाहेब अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर दोपहर 12 बजे से राष्ट्र निर्माता डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती का कार्यक्रम, विशाल रैली, वंदना, भोजन दान और आमसभा का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों से रैलियां प्रमुख से शामिल होगीं।

इस अवसर पर रैला बॉम्बे आवास, कोसानगर, राधिका नगर, भीमनगर, सुपेला होते हुए पांच रास्ता, चंद्रमणि नगर, तीन दर्शन मंदिर, बसंत टॉकीज से होते हुए अंबेडकर चौक पहुंचेगी। रैलियों के रूप में उधर हुडको, बुद्ध विहार सेक्टर 6 सेंट्रल एवेन्यू होते हुए बाबासाहेब अंबेडकर पावर हाउस चौक पहुंचेगी। ठीक उसी प्रकार चरोदा, भिलाई 3 खुर्सीपार के जोन 1, जोन 2, जोन 3, छावनी इंडसट्रियल एरिया की रैलियां जीई रोड, नंदनी रोड होते हुए पावर हाउस चौक पर विशाल जनसमुदाय एकत्रित होता है जिसमें बाबासाहेब और संविधान को मानने वाले, भिलाई व समुचे छत्तीसगढ़ के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, संविधान विशेषज्ञ, विभिन्न समाज के प्रतिनिधि, राज्य शासन के प्रतिनिधि व अंबेडकर वादियों का आगमन होगा। विभिन्न रैलियों में सबसे आकर्षक रैली को आम सभा के दौरान सम्मानित किया जाएगा। जिसकी जोरशोर से तैयारी की जा रही है।

धर्म इवेंट

## प्रतिदिन योग और यज्ञ करने का लिया संकल्प, दी यज्ञ में आहुति



**भिलाई।** भारतीय संस्कृति में योग यज्ञ के बड़े महत्व को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति हाउसिंग बोर्ड भिलाई के द्वारा पांच दिवसीय योग शिविर का समापन यज्ञ आहूति कर किया गया। जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग शामिल हुए। शिविर के पांचवे दिन में प्राणायाम, आसन, सूर्य नमस्कार के साथ ही विभिन्न योग कराया गया। निशुल्क योग शिविर दृष्टांग योग वैलनेस सेंटर हाउसिंग बोर्ड के तत्वांवधान में किया जा रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ जनों ने प्रतिदिन योग एवं यज्ञ करने के साथ ही अपने घर परिवार में बच्चों को भी यह संस्कार देने के लिए शपथ ली। जिसमें मुख्य योगाचार्य एवं यज्ञाचार्य, गीतावर्ती शत्रुहन लाल साहू, योगाचार्य शंभू प्रसाद कुशवाहा, योगाचार्य तेजू राम साहू ,थनेंद्र साहू सहित सभी योगाचार्यो के द्वारा दृष्टांग योग वैलनेस सेंटर हाउसिंग बोर्ड भिलाई के सदस्य उपस्थित रहे। शिविर के समापन कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति से सुदर्शन, डी मोहन, माधव शीला मोहन, प्रमिला जायसवाल, दीप्ति सिंह, भाग्यलक्ष्मी, प्रतिमा मुखर्जी, मंजू शाह, डॉक्टर ए के हिरवानी, भारत लाल साहू, भगवती धोरे, उमाघर मारे, डीके टेलर्स, नंदू साहू, स्वदेश शुक्ला सहित वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित थे।

लाइव इवेंट

## छत्तीसगढ़ में महिलाएं हर दृष्टि से स्वतंत्र और अधिकार संपन्न



**भिलाई।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई एवं राजनांदगांव इकाई द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़े के अवसर पर विचार-विमर्श का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं की दशा एवं दिशा पर सार्थक बातचीत हुई। विमर्श में महिला और पुरुष दोनों ही वर्ग के प्रबुद्ध सदस्यों ने अपने विचार खुलकर रखे। आयोजन की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ राज्य शाखा सचिव एवं भिलाई इकाई चेयरमैन के. सुब्रमण्यम, भिलाई इकाई प्रेसिडेंट ऋषि कांत तिवारी एवं राजनांदगांव समन्वयक मिनेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी सदस्यों ने समवेत स्वर में स्वीकार किया कि स्त्री पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं। एक दूसरे को सम्पूर्णता प्रदान करते हुए ही अपने अस्तित्व को सार्थक कर सकते हैं। दोनों ही परस्पर सहयोग कर एक दूसरे के नकारात्मक पक्षों को और गुणात्मक विशेषताओं को उभार सकते हैं। आयोजन में भूमिका देवांगन, लीना देवांगन, ओमकुमारी देवाँगन, भारती साव, श्वेता तिवारी, अनीता शुक्ला, ममता साहू, शांति साहू, शिल्पा मराठे, प्रीति साहू, प्रज्ञा बाम्बेश्वर, कल्पना अवधिया, मंजीत कौर गिल, सविता सिंह सहित सुधीर अवधिया, महेन्द्र देवांगन, सुबोध देवांगन, पंकज मेहता, हरदेव सिंह गिल, जयप्रकाश साव, कमल साहू , संजय साहूक, विनय शुक्ला , किशोर छबलानी , लिगेन्द्र वर्मा आदि मौजूद थे।

● धूमधाम से मना बाबा का 61वां महायज्ञ एवं महाभंडारा

# बाबा बालकनाथ के दर्शन कर लिया आर्शिवाद, 50 हजार भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद, 200 सेवादारों ने तैयार किया महाभंडारा

भिलाई। बाबा बालक नाथ मंदिर सेक्टर 11, जोन 2 में बाबा बालकनाथ महायज्ञ, पूजन और अनुष्ठान के चार दिवसीय आयोजन के तीसरे दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं नें बाबा के दर्शन कर रोट का प्रसाद चढ़ाया और महाभंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह और शाम को विजय रतन शर्मा चंड़ीगढ़ वाले द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें देर रात तक श्रद्धालु बाबा की भक्ति में नाचते-झूमते रहे। खुर्सीपार भिलाई में चल रहे 61 वें महायज्ञ एवं भंडारा के अवसर पर करीब 70 से 80 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर महाभंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन की जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के महासचिव कांतिलाल शर्मा ने बताया कि रविवार की सुबह 5 बजे से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था, जो कि देर शाम तक चलता रहा। सुबह 9 बजे हवन करने के पश्चात भंडारा की शुरुआत की गई। इस दौरान चंडीगढ़ से आए भजन गायक विजय रतन शर्मा ने भजनो से सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। महाभंडारे में लोग बाबा के जयकारे के साथ कतारबद्ध होकर दर्शन ले रहे थे। प्रसाद के रूप में रोटी, सब्जी , दाल, हलवा, खिचड़ी, टमाटर की चटनी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, दया सिंह, भूपेंद्र यादव, विनोद सिंह, पीयूष मिश्रा जी, डी सुजाता राव आदि मौजूद थे। उपस्थित थे।





### विभिन्न क्षेत्रों से आये भक्तों ने किया दर्शन

इस आयोजन में पूरे देश सहित दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई के अलावा नासिक, नागपुर, महाराष्ट्र, उड़ीसा, भवानीपटना, कांटा भांजी के साथ साथ पूरे छत्तीसगढ़ से भक्तों के आने का सिलसिला जारी है। इस आयोजन में करीब लाखों की संख्या में लोगों के दर्शन किया और भंडारे में करीब पचास हजार से अधिक लोगों के प्रसाद ग्रहण किया।




### सेवादारों ने तैयार किया लगभग 50 क्विंटल प्रसाद

महाभंडारे में 25 क्विंटल आटा से रोटी, सूजी, शक्कर, सुखा मेवा एवं देशी घी सहित 8 क्विंटल हलवा का प्रसाद बनाया गया था साथ ही खिचड़ी के लिए 10 क्विटल दाल- चावल, 5 क्विंटल हरी सब्जी, 3 टन काबुली चना, आलू, टमाटर प्याज एवं अन्य हरी सब्जी, 2 टन टमाटर चटनी, 4 क्विंटल उड़द एवं चना दाल बनाया गया था। जिसे लगभग 200 सेवादारों ने मिलकर तैयार किया था। इस महाभंडारे के लिए शनिवार शाम 6 बजे से तैयारी शुरू की गई थी।

माहे रमजान पर मरकजी मस्जिद में जकात पर हुई तकरीर

# वंचित समुदाय को गरीबी के स्तर से ऊपर उठाने का जरिया है जकातः मुफ्ती सोहेल

**भिलाई।** रमज़ान मुबारक का तीसरा और आखिरी अशरा (10 दिन) जारी है। इस पवित्र माह में मुस्लिम समुदाय न सिर्फ इबादत करता है बल्कि अपने साथ-साथ गरीब और वंचित समुदाय की फिक्र भी करता है। इसके लिए इस्लाम में जकात देने का हुक्म है, जो हर हैसियत वाले पर वाजिब होती है। मरकजी मस्जिद पावर हाउस कैंप-2 में दारुल कजा भिलाई के काजी, हाफिज व मुफ्ती मोहम्मद सोहेल ने जकात के हुक्म को लेकर नमाजियों के बीच तकरीर की। मुफ्ती मोहम्मद सोहेल ने बताया कि हैसियत वाले को अपनी आय का ढाई प्रतिशत निकाल कर अपने करीब के गरीब, वंचित, फकीर, यतीम, बेवा मिस्कीन, मुसाफिर कर्जदारों, जिसके पास तीन दिन तक खाने का न हो और ज़रूरत मंदों को देना होता है। उन्होंने कहा कि जकात समाज के वंचित और गरीब समुदाय का आर्थिक स्तर सुधार कर उसे जकात देना वाला बनाने का जरिया है। उन्होंने कहा कि हैसियत मंद लोगों को समाज के अंदर गरीब लोगों के जीवन स्तर को सुधार कर बेहतर जीवन शैली में लाने का बेहतरीन तरीका अल्लाह के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बताया है। उन्होंने बताया कि जिस हैसियतमंद के पास साढ़े सात तोला सोना या साढ़े बावन तोला चांदी हो या माल (नगद) व्यापार में लाभ राशि,जमा धनराशि जो इनकी कीमत को पहुंचे जिस पर साल गुजर जाए जकात देना वाजिब है। कुल राशि का अढ़ाई फीसदी निकाल कर समाज के उन लोगों को देवें जो इसके हकदार हैं। मुफ्ती सोहेल ने बताया कि अपने माता पिता, बेटा बेटी, शौहर और बीवी, नाना-नानी और दादा-दादी,पोता-पोती और नाती इनके जो रिश्ते वालों को जकात नहीं दे सकते हैं। जकात इस्लाम में जिन पर वाजिब है अगर दुनिया मे अदा नहीं करेगा तो वो अल्लाह के हुक्म को तोड़ने वाला है। मुफ्ती मो सोहेल ने बताया कि जकात से मुस्लिम समाज में गरीबी दूर करने एंव स्वावलंबन अपनाने का रास्ता दिखा दिया गया है। कोई गरीब, फकीर या बेवा को कोई हैसियतमंद अपनी जकात से उसके लिए कोई कारोबार शुरू करवा दे, जिससे वो आने वाले साल में अच्छी आय अर्जित कर खुद जकात देने वाला बन जाए। वैसे जकात खेती की पैदावार, जानवरों की तादाद और प्लाट जो अच्छी कीमत में बेचने के लिए रखा हो उस पर भी देना चाहिए। इस दौरान सदर मोहम्मद असलम, हाफिज कासिम, सेक्रेटरी मदरसा सैय्यद असलम, नायब सदर इमामुद्दीन पटेल, खजांची निजामुद्दीन, नायब खजांची हाफिज महफूज, अब्दुल, हाफ़िज़ अहमद, आलिम सैयद और अहफाज आदि मौजूद थे।





### इफ्तार में जुटे रोजेदार ,की गईं दुआएं

मदनी मस्जिद खुर्सीपार, मदरसा हमीदिया जोन-1 सेक्टर-11 में अंजुमन हुसैनिया कमेटी की जानिब से रोजा इफ्तार रखा गया। जिसमें बड़ी तादाद में लोग जुटे। पेश इमाम अल्लामा मौलाना मुफ्ती कलीमुल्लाह खान रिजवी और हाफिज इमरान ने इस दौरान दुआए खैर की। मदरसे में इफ्तार के बाद सभी ने मस्जिद में नमाजे मगरिब अदा की। इस रोजा इफ्तार को सफल बनाने में अंजुमन हुसैनिया के हुसैन अली, मुश्ताक अली, कमालुद्दीन अशरफी, मो. कुद्दूस, हैदर अली, अशफ़ाक अहमद, अरशद अय्यूब, मो. शमीम, अरशद अली, आरिफ अय्यूब, पीर हुसैन, राज मोहम्मद, मो तौहीद, मो तुफैल, मो अकरम, बाबू भाई, मो आसिफ, मो साजिद, रमजान अली, आरिफ सोनू, मोहम्मद मंजूर, अताउल्लाह, मो सैफ, मो शारिक, मो रिजवान, मो सद्दाम, बन्ने भाई, मो मेराज, मो कय्यूम, जैनुल आबेदीन, सिकन्दर अली, मो जैद, मिर्जा तौसीफ और बबलू सहित तमाम लोगों का योगदान रहा।

## बेसहारा बुजुर्गों के साथ बांटी खुशियां, डॉग शेल्टर को सामान



**भिलाई।** महिला दिवस पखवाड़े में लीनेस क्लब भिलाई की ओर से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में क्लब की ओर से महिला सफ़ाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान इन महिला सफाई कर्मियों के विशिष्ट योगदान को रेखांकित करते हुए क्लब ने इसे अतुलनीय बताया। इस दौरान क्लब की ओर से लीनेस लता गायकवाड़, सुषमा गुप्ता, रीटा कुखरानिया, माला पोपली, राजश्री जैन और देवयानी चंद्राकर सहित क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

- लीनेस क्लब भिलाई का आयोजन

क्लब ने आयोजनों की कड़ी में वंचित, गरीब और बेसहारा बुजुर्गों के साथ फूलो के साथ होली का आयोजन कर खुशियां बांटी। सेक्टर-3 बीएसपी के पुराने स्कूल भवन में संचालित फील परमार्थम संस्था पहुंच कर लीनेस क्लब की सदस्यों ने सभी बुजुर्गों को नाश्ता कराया और सभी को फल वितरित किया। इस दौरान सभी बुजुर्गों ने खुश होकर इस सम्मान के लिए आभार जताया। एक अन्य आयोजन में लीनेस क्लब की ओर से सेक्टर-1 नेहरू हाउस के समीप स्थित डॉग शेल्टर में चावल, बिस्किट एवं चादर जैसे उपयोगी सामान भेंट किए गए। जिसमें क्लब की ओर से लता गायकवाड और माला पोपली ने प्रदान किए थे। इस दौरान क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे।



पीबीएस एवं पीईएम विभाग में सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

# नाटक के माध्यम से कर्मचारियों को कार्यस्थल पर सतर्कता बनाए रखने और सुरक्षा उपकरणों का पालन करने का दिया संदेश

कार्नर न्यूज

भिलाई। भिलाई स्टील प्लांट के पीबीएस एवं पीईएम विभाग में सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ईडी वर्क्स राकेश कुमार थे। विशेष अतिथि सीजीएम आयरन इंचार्ज तापस दास गुप्ता व अध्यक्षता सीजीएम पावर फैसिलिटी राजीव पांडे ने की। आयोजन में सीजीएम सिंटर अनूप दत्ता, सीजीएम इलेक्ट्रिकल टीके कृष्णाकुमार, सीजीएम ब्लास्ट फर्नेस मनोज कुमार, सीजीएम एसएमएस-3 पीके सिंह, जीएम इंचार्ज एसईडी संजय अग्रवाल एवं विभाग प्रमुख अभय कुमार पर्यावरण विभाग से उमा कटोच सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण एवं मानसिक तनाव मुक्ति पर सत्र आयोजित किए जाएंगे।




### सुरक्षा ध्वज फहराने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत

कार्यक्रम का शुभारंभ सुरक्षा ध्वज फहराने से हुआ, जिसके बाद सुरक्षा शपथ दिलाई गई। सुरक्षा एंथम को ढाल सिंह ने प्रस्तुत किया, जिसने सभी को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। विभाग प्रमुख अभय कुमार ने विभागीय गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। विभागीय सुरक्षा अधिकारी तरुण दत्ता ने सुरक्षा प्रतिवेदन पेश किया। कार्यक्रम में सुलेमान खान द्वारा सुरक्षा नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसने कर्मचारियों को कार्यस्थल पर सतर्कता बनाए रखने और सुरक्षा उपकरणों का पालन करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

### सतर्कता और सुरक्षा का पालन ही सबसे बेहतर उपायः ईडी वर्क्स राकेश

ईडी वर्क्स राकेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी यह समझे कि आपके ऊपर आपके तीन पीढ़ियों का भविष्य निर्भर करता है। किसी दुर्घटना से आपकी तीन पीढ़ियां संकट में आ सकती हैं। कार्यस्थल पर 360-डिग्री ऑब्जर्वेशन अपनाएं, ताकि संभावित खतरों को पहले ही पहचाना जा सके और दुर्घटनाओं को रोका जा सके। असुरक्षित कार्यों को रोको-टोको और असुरक्षित स्थितियों की तुरंत रिपोर्ट करें। हर विभाग में रिपोर्टिंग के लिए बोर्ड पर हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराए गए हैं। दुर्घटना में मुआवजा मिल सकता है, लेकिन जीवन या अंगों की क्षतिपूर्ति संभव नहीं होती। इसलिए सतर्कता और सुरक्षा का पालन ही सबसे बेहतर उपाय है। इसके साथ ही, ईडी वर्क्स ने स्वयं सुरक्षा शपथ दिलवाई। सभी कर्मचारियों ने सुरक्षा को अपने दैनिक कार्यों का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### अधिकारियों ने रखे अपने-अपने विचार

सीजीएम आयरन इंचार्ज तापस दास गुप्ता ने कहा कि अधिकतर दुर्घटनाएं ठेका कर्मियों के साथ होती हैं, इसलिए उन्हें हर सुरक्षा कार्यक्रम में अधिकतम रूप से शामिल करना अनिवार्य है। असुरक्षित कार्यों और असुरक्षित परिस्थितियों की अधिक से अधिक रिपोर्टिंग की जानी चाहिए, ताकि सुरक्षा प्रणाली को और मजबूत किया जा सके। सीजीएम पावर फैसिलिटी राजीव पांडे ने कहा कि हर कर्मचारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह दुर्घटना को खुद से दूर रखे और सभी सुरक्षा मानकों का पालन करें। समापन दिवस 29 मार्च को होगा, सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए इन कार्यक्रमों में अधिकारी एवं कर्मचारी व ठेका श्रमिक सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप क्रिकेट मैच में धनंजय की शानदार पारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की मेंस सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता जारी है। जिसमें बिलासपुर से दूसरा मैच सरगुजा के बीच आरडीसीए रायपुर मैदान में खेला जा रहा है। जिसमें बिलासपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सरगुजा के खिलाड़ी पहले बल्लेबाजी करते हुए 68.1 ओवर में 222 रन बनाकर आउट हो गए। सरगुजा की ओर से कप्तान आशुतोष सिंह सबसे अधिक 87 रनों की पारी खेले और जीशान रजा ने 33 रन रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए धनंजय नायक ने 31 रन देकर 5 विकेट प्राप्त किए और मयंक यादव ने 43 रन देकर 4 विकेट झटके। बिलासपुर ने अपनी पहली पारी खेलते हुए पहले दिन का खेल समाप्त होते तक 3 ओवर में बिना विकेट खोए 8 रन बना लिए है। मैच के निर्णायक नितिन कठवार और मनोज सिंह है, स्कोरर मनोज तिवारी और ऑब्जर्वर शेख अनवर है।बिलासपुर टीम के कोच शैलेश सैमुअल और मोईन मिर्जा है। भिलाई के सिविक सेंटर मैदान में खेले जा रहे मुकाबले में जांजगीर चांपा के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 84 ओवर में 7 विकेट खोकर 279 रन बना लिए है। जिसमें जनेंद्र सिदार ने शानदार 112 रनों की पारी खेली और संजीव सिंह ने 49 रन सुधांशु तिवारी ने 22 रन बनाए और आयुष शर्मा 12 रन पर और प्रवीण केवट 8 रन नाबाद खेल रहे है। बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए परिवेश धर, श्रेयम सुंदरम और शाहनवाज हुसैन ने दो दो विकेट प्राप्त किए। मैच के निर्णायक सुनील डरसेना और हरप्रीत सिंह है स्कोरर नंदगिरीश और ऑब्जर्वर दलजीत सिंह सिडाना टीम के कोच सुशांत शुक्ला है। यह जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।

### डीआरएम कप क्रिकेट में ऑपरेटिंग विजेता और इंजीनियरिंग टीम उप विजेता



**रायपुर।** डब्ल्यू आर एस कॉलोनी में 25 फरवरी से जारी 22वीं अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 20 टीमो ने भाग लिया और कुल 48 मैच खेले गए। लीग व नॉक ऑउट पद्धति से खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में नॉक ऑउट दौर से मैच खेले गए। 19 मार्च को महिला कर्मचारियों एवं रेलवे पुरुष कर्मचारियों की टीमों ने फाइनल मुकाबला खेला। पुरुष वर्ग में फाइनल मुकाबला ऑपरेटिंग व इंजीनियरिंग के मध्य खेला गया। एक बहुत ही रोमांचक मुकाबले में ऑपरेटिंग ने इंजीनियरिंग को चार विकेट से हरा कर 22 सालों में पहली बार इस खिताब पर कब्जा किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंजीनियरिंग ने निर्धारित 12 ओवरों में सिर्फ 71 रन ही बना सकी। ऑपरेटिंग की सधी हुई गेंदबाजी और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण से इंजीनियरिंग के विकेट लगातार अंतराल में गिर रहे थे जिसके चलते उनका एक बड़ा लक्ष्य खड़ा करने का सपना टूट गया। लेकिन इंजीनियरिंग के भी सधी हुई गेंदबाजी के आगे ऑपरेटिंग के बल्लेबाजों को काफी दिक्कत हुई और एक समय 6 ओवरों में 38 के योग पर 6 विकेट गिर गए। सौरभ को उनकी लाजवाब पारी के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। तीसरे स्थान के मुकाबले में इलेक्ट्रिक (ओपी) ने दल्लीराजहरा की टीम को आसानी से हरा दिया। इलेक्ट्रिक (ओपी) के विश्वदीप को उनके अर्धशतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। महिला कर्मचारियों द्वारा भी डीआरएम -11 एवं एडीआरएम (इन्फ्रा) के मध्य मुकाबला खेला गया जिसमें डीआरएम -11 की टीम विजेता रही। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में फाइनल का मुकाबला सेक्रेसा मैदान में दूधिया रौशनी में खेला गया। सेक्रेसा के प्रतिनिधियों ने ढोल नगाड़ों एवं आतिशबाजी के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग ने मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। समापन समारोह में विभिन्न विभागों के कप्तानों ने भी टूर्नामेंट के सुखद अनुभवों को साझा किया और अगले वर्ष इसे और बेहतर करने के लिए अपने सुझाव भी दिए। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता टीम को बधाई दी। उपविजेता टीम और अन्य टीमों को अगले वर्ष और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि के कर कमलों सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा क्रिकेट चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अलग से पुरस्कृत किया गया। इंजीनियरिंग के सुरेश मंगराज को मैन ऑफ द सिरीज़, दल्लीराजहरा के रविन्द्र कुमार को बेस्ट आल राउंडर, इलेक्ट्रिक (ओ पी) के विश्वदीप को बेस्ट बैट्समैन व ऑपरेटिंग के सौरभ को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा सौरभ को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब भी दिया गया।

### बहुत प्रभावशाली और सस्ती सिद्ध होती हैं बायोसिमिलर दवाएं

# बायोसिमिलर दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देना जरूरी, जिससे कम हो सकेगा हमारे इलाज का खर्च

भारत में करोड़ों लोगों को अपने घरेलू खर्च का बहुत बड़ा हिस्सा पारिवारिक बीमारियों के इलाज में खर्च करना पड़ता है, उनके बजट का कभी-कभी तो 50 से 70% तक का हिस्सा अस्पतालों और दवाइयों के चक्कर में खर्च हो जाता है। इसके कारण देश में 3 से 4 करोड़ लोग सालाना गरीबी रेखा के जाल में फंस जाते हैं। कई बार तो इन गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई और रहन-सहन आदि पर भी बहुत दुष्प्रभाव पड़ता है।

इस संबंध में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र कुमार ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि-बढ़ती बीमारियों में ज्यादा किफायती इलाज के लिए प्रभावी उपायों की जरूरत है। इस संबंध में बायोसिमिलर दवाएं बहुत प्रभावशाली और सस्ती सिद्ध होती हैं जो सुरक्षा और प्रभावशीलता में आम बायोलोजिक्स की दवाओं से कोई विशेषतः भिन्न नहीं होती और इसके जांच के लिए भी कड़े मानक बनाए हुए हैं। यदि आम भाषा में कहा जाए, बायोलोजिक्स की दवाएं वही होती हैं जो बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा बनाई जाती हैं और पेटेन्ट द्वारा सुरक्षित होती हैं। अक्सर इनकी कीमत काफी ज्यादा होती है, परन्तु एक बार पेटेन्ट समाप्त होने के बाद इन्हें उसी प्रकार की गुणवत्ता के अनुरूप बायोसिमिलर प्रणाली से बनाया जा सकता है।



### बायोसिमिलर दवाइयां और इनका लाभ

बायोसिमिलर दवाइयां तकरीबन वैसी ही होती हैं जैसी मूलतः बायोलोजिक दवाइयां, और उनका फायदा भी वैसा ही होता है, अलबत्ता उन्हें क्वालिफाइड डॉक्टरों की सलाह पर ही देना चाहिए। इस समय देश में लगभग 100 बायोसिमिलर दवाओं के उत्पादन को स्वीकृति मिल चुकी है और हमारा देश दुनिया में बायोसिमिलर दवाओं के उत्पादन में अग्रणी है।

एक अनुमान के अनुसार देश में 118 बायोलोजिक्स की ऐसी दवाएं हैं जिनका पेटेन्ट 2015 से 2034 के बीच समाप्त हो रहा है। लेकिन उनमें से केवल 10ः दवायें ऐसी हैं जिनका बायोसिमिलर प्रणाली में विकसित करने की योजना है। इस प्रकार कुल मिलाकर यह एक ऐसा स्वर्णिम अवसर है जिसके अन्दर हमारे यहां बहुत तेजी से बायोसिमिलर दवायें बनाई जा सकती हैं। इन दवाओं की कीमत अनुमानतः बायोलोजिक्स की संबंधित दवाओं से लगभग 50 से 75% तक कम हो सकती हैं जिससे आम आदमी के दवाओं के खर्च में काफी बचत हो सकती है।



यह बचत न सिर्फ भारत के आम लोगों के लिए लाभप्रद है बल्कि विश्व के अनेक देशो के लिए भी बहुत फायदेमंद है। भारत को दुनिया की फार्मेसी समझा जाता है जो इन देशों में अच्छी और सस्ती दवायें भेजने के लिए जाना जाता है। यह सिर्फ अफ्रीका, लेटिन अमेरिका आदि देशों के लिए ही नहीं बल्कि धनी देशों के लिए भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

### पेटेन्ट के रिन्यूवल का खेल समझिए

इस संबंध में एक समस्या यह है कि बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां जिनके पास दवाइयों के पेटेन्ट हैं, और जिनके आधार पर वे भारी मुनाफा कमाते हैं, उनका प्रयत्न होता है कि वें अपने पेटेन्ट को दवा के निर्माण में छोटी-मोटी तब्दीली करके रिन्यू करा लें, जिसे पेटेन्ट की एवरग्रीनिंग कहा जाता है। हमारी कोशिश यह रहती है कि पुराने पेटेन्ट को रिन्यू करने के लिए जब तक कोई नई दवा या उसमें कोई विशेष सुधार न हो, नए पेटेन्ट की अनुमति नहीं दी जाए। इसके फलस्वरूप कई बार इन कंपनियों द्वारा पेटेन्ट कानून के अर्न्तगत कानूनी दावपेंच भी आजमाये जाते हैं। इसके लिए यह भी जरूरी है कि इस बारे में पेटेन्ट के रिन्यूवल के मामलों में कड़ी दृष्टि रखी जाए। साथ ही देश के पेटेन्ट के कानून और ड्रग कन्ट्रोलर इत्यादि रेगूलेटरी संस्थाओं द्वारा नियमों की सख्त अनुपालना की जाए।

इस समय देश में बायोसिमिलर दवाओं के अधिक प्रचलन को बढ़ाने के लिए अस्पतालों में इलाज और जन औषधी के कार्यक्रमों, जैसे आयुष्मान भारत इत्यादि में अधिक प्रयोग की आवश्कता है। इसका एक लाभ जो यह होगा कि सरकार को इन कार्यक्रमों में मंहगी बायोलोजिक दवाओं के स्थान पर, उतनी ही प्रभावशाली परन्तु किफायती बायोसिमिलर दवाओं के ज्यादा प्रयोग से होने वाली बचत को जन-स्वास्थ्य के अन्य कार्यकलापों में लगाया जा सकता है।



## अपने माता-पिता में कुछ जरूरी बदलाव चाहता है हर बच्चा

बच्चे चाहते हैं कि उनके मम्मी-पापा में अधिक धैर्य, समझ, प्रोत्साहन और उनके प्रति भरोसा हो। आइए जानते हैं आपके बच्चे के मन की बात। बच्चे अपने पापा और मम्मी में क्या बदलाव चाहते हैं।

जेनरेशन गैप यानी दो पीढ़ियों के बीच का अंतर अभिभावक और बच्चों के बीच समझ, व्यवहार, जिम्मेदारी और रहन-सहन में भिन्नता लाता है। ऐसे में बच्चों और अभिभावकों के बीच समझ, भरोसा और विचार को लेकर टकराव हो सकता है। आपका बच्चा आपसे बहुत प्यार करता हो, तब भी वह कुछ बदलावों की उम्मीद आप से भी रखता है। हालांकि बच्चे खुलकर ये बात कह नहीं पाते लेकिन मन ही मन में वह ये चाहते हैं कि उनके अभिभावक में कुछ बदलाव हों ताकि उनका अपने माता-पिता से रिश्ता मजबूत हो सके और उनका परिवार खुशहाल बने। बच्चे चाहते हैं कि उनके मम्मी-पापा में अधिक धैर्य, समझ, प्रोत्साहन और उनके प्रति भरोसा हो। आइए जानते हैं आपके बच्चे के मन की बात। बच्चे अपने पापा और मम्मी में क्या बदलाव चाहते हैं।

### माता-पिता संग अधिक समय बिताना



बच्चे माता पिता के साथ अधिक समय बिताना काफी पसंद करते हैं, जहां उनके बीच अच्छी बातचीत हो। वह लोग साथ में मिलकर खेलें। बच्चा चाहता है कि माता पिता उसके विचारों व भावनाओं में वास्तविक रूचि रखें।

### अधिक धैर्य रखें

बच्चे चाहते हैं कि उनके माता-पिता अधिक धैर्यवान हों। बिना बीच में टोके ध्यान से उनकी बात सुनें और तुरंत निराशा या आलोचना के साथ प्रतिक्रिया किए बिना उनकी कठिनाइयों को समझें।

### पढ़ाई पर कम दबाव

अधिकांश बच्चे पढ़ाई और खेलने के समय का संतुलन चाहते हैं। वह पढ़ाई के साथ ही अन्य गतिविधियों में रूचि रखथे हैं और वह ये उम्मीद करते हैं कि उनके माता-पिता केवल उपलब्धियों और ग्रेड पर ही ध्यान केंद्रित न करें बल्कि बच्चे के लिए समग्र रूप से सीखने पर फोकस करें।

### भरोसा करें बच्चों पर

बच्चे चाहते हैं कि उनके माता पिता छोटे-मोटे फैसलों को लेकर उनपर भरोसा करें ताकि वे अपने शौक, रुचियों और स्वतंत्रता के बारे में बिना किसी रोक टोक या नियंत्रण के सीख सकें।

### उनके विचारों का सम्मान

बच्चे मन ही मन चाहते हैं कि उनके माता-पिता उनकी राय का सम्मान करें ताकि वे बिना किसी चिंता के खुलकर संवाद कर सकें। उन्हें इस बात का डर न हो कि अपनी बात रखने पर अभिभावक तुरंत उनकी आलोचना करने लगेंगे या उनकी बात को अस्वीकार कर देंगे।



## युवा खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर शानदार अवसर देगा आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूरः डॉ. द्विवेदी



■ रायपुर में जे 30 रायपुर आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स 2025 शुरू

**रायपुर।** जे 30 रायपुर आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स 2025 का भव्य उद्घाटन रायपुर इंटरनेशनल टेनिस अकादमी, कृषक नगर में किया गया। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन डॉ. हिमांशु द्विवेदी, प्रधान संपादक, हरिभूमि एवं आईएनएच 24x7 ने किया। उनके साथ गुरुचरण सिंह होरा सचिव, छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस एसोसिएशन (सीएसटीए), अतुल शुक्ला, उपाध्यक्ष सीएसटीए, रुपेन्द्र सिंह चौहान, संयुक्त सचिव सीएसटीए तथा सुशील बलानी, संयुक्त सचिव सीएसटीए , आईटीएफ पर्यवेक्षक प्रबीन कुमार नायक, सीएसटीए के सदस्यगण, खिलाड़ी, अभिभावक, कोच और शुभचिंतक भी उपस्थित थे। जिससे यह आयोजन और भी खास बन गया। डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स युवा टेनिस खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार अवसर प्रदान करते हैं। गुरुचरण सिंह होरा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और छत्तीसगढ़ में जूनियर टेनिस के विकास में आईटीएफ और एआईटीए के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### बालक एकल अंडर-18 क्वालीफाइंग फाइनल राउंड में रोमांचक दौर

बालक एकल अंडर-18 क्वालीफाइंग फाइनल राउंड में खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले। जहां मुख्य ड्रॉ में स्थान पाने के लिए उन्होंने संघर्ष किया। तेजस रवि (भारत) ने खुशविन जेफ्री (1) (भारत) को हराया – 4-6, 6-2, (10-7), आर्यन फोगाट (भारत) ने इशिर मेहता (भारत) को हराया– 6-4,6-1, चुक्का लक्ष्य वर्धन (भारत) ने कृषांक जोशी (भारत) को हराया –6-3, 5-7, (10-4) ,प्रनीत रेड्डी चिट्टेपु डोरगारी (भारत) ने मोहित शर्मा (भारत) को हराया– 6-1, 6-1, सक्षम भंसाली (भारत) ने राघव प्रभु (भारत) को हराया –6-4, 7-5, ध्रुव शर्मा (भारत) ने अवि अग्रवाल (भारत) को हराया – 6-4, 3-6, (10-7), अब मुख्य ड्रॉ के लिए सभी क्वालीफायर तय हो चुके हैं, जहां भारत और अन्य देशों के शीर्ष जूनियर खिलाड़ी आईटीएफ रैंकिंग अंक और अंतरराष्ट्रीय पहचान के लिए कड़ा मुकाबला करेंगे।

## बाजार जैसे गोलगप्पे का चटपटा पानी बनाएं घर पर



अगर बाजार जैसे स्वाद वाला चटपटा गोलगप्पे का पानी घर पर बनाना चाहती हैं लेकिन वैसा स्वाद नहीं आ पा रहा है तो इस विधि से गोलगप्पे के पानी को खट्टा-तीखा स्वाद दें।

गोलगप्पे का पानी बनाने के लिए सामग्री में पुदीना, धनिया, अदरक, हरी मिर्च, इमली का पानी या आम की सूखी खटाई, भुना जीरा, लाल मिर्च पाउडर,चाट मसाला, नींबू का रस, हींग, नमक और पानी लें।

गोलगप्पे का पानी बनाने के लिए पुदीना, धनिया, हरी मिर्च और अदरक के टुकड़े को एक साथ मिलाकर अच्छी तरह से पीस लें। स्वच्छ पानी में भुना जीरा, काला नमक, लाल मिर्च पाउडर, हींग, चाट मसाला मिलाएं। अब इसमें आधा नींबू का रस मिलाएं। साथ ही इमली का पानी या आम की खटाई का पानी भी मिलाएं। पिसी हुई सामग्री को पानी डालकर अच्छे से मिला लें। खट्टा-मीठा स्वादिष्ट गोलगप्पे का पानी तैयार हैं। चाहें तो पानी में थोड़ी सी बूंदी भी मिला सकते हैं।

**कार्नर न्यूज**

### मौका ईद का हो या कोई भी त्यौहार का, घर की सजावट रखें सबसे अलग

# लीविंग रूम को इस तरह करें डेकोरेट, कम खर्च में ही पार्टी का मजा हो सकता है दोगुना

ईद पार्टी के लिए अगर आप अपने लीविंग रूम की सजावट करना चाहते हैं और वो भी कम खर्च में, तो चलिए हम आपको यहां कुछ टिप्स बताते हैं। ऐसे में, थोड़ी सी क्रिएटिविटी और स्मार्ट डेकोरेशन से आप अपने लिविंग रूम को खूबसूरत बना सकते हैं।

ईद का त्योहार खुशियों, मिलनसारिता और उमंग से भरा होता है। इस खास मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग अपने घरों पर पार्टी रखते हैं। वहीं, मेहमानों का स्वागत करने के लिए घर का माहौल भी खुशनुमा बनाते हैं। इसके लिए किसी एक कमरे को डेकोरेट करके दोस्तों के साथ एंजॉय करते हैं। ऐसे में, अगर आप इस साल ईद के अवसर पर अपने लिविंग रूम को कम खर्च में खूबसूरत और आकर्षक बनाना चाहते हैं, तो यहां कुछ आसान आइडियाज दिए गए हैं। खास बात यह है कि यहां पर बजट-फ्रेंडली रूम डेकोरेशन आइडियाज दिए गए हैं। तो चलिए इस ईद पर लिविंग रूम को डेकोरेट करने के तरीके के बारे में जान लेते हैं।



### थीम बेस्ड डेकोरेशन चुनें

ईद की सजावट को खास बनाने के लिए एक कलर थीम चुनें। ग्रीन, गोल्डन और सफेद रंगों का संयोजन इस त्यौहार के लिए एकदम सही रहेगा। कुशन कवर, टेबल कवर और पर्दों को इसी थीम में बदल सकते हैं।

### फ्लोर सेटअप और कारपेट्स

लिविंग रूम के फर्श को नया लुक देने के लिए पारंपरिक या मॉडर्न स्टाइल के कारपेट्स बिछाएं। अगर जगह कम है तो कुछ फ्लोर कुशन रखकर अरबी स्टाइल का माहौल बना सकते हैं।

### सेंटर टेबल को करें खास

सेंटर टेबल पर एक खूबसूरत टेबल रनर, कैंडल होल्डर और फूलों की सजावट करें। आप ईद स्पेशल मिठाइयों की ट्रे भी रख सकते हैं ताकि यह आकर्षक और उपयोगी लगे।




### लाइटिंग से बढ़ाएं रौनक

ईद की सजावट में रोशनी का अहम योगदान होता है। फेयरी लाइट्स, मोमबत्तियां और छोटी-छोटी लैम्प्स का इस्तेमाल करें ताकि आपका लिविंग रूम चमक उठे। दीवारों पर एलईडी लाइट्स लगाकर एक खूबसूरत लुक दे सकते हैं।

### खुशबू से महकाएं घर

मेहमानों को एक अच्छा अनुभव देने के लिए घर को सुगंधित बनाने पर ध्यान दें। अत्तर, धूपबत्ती या एसेंशियल ऑयल डिफ्यूज़र का इस्तेमाल करें जिससे एक सुकून भरा माहौल बने।

### मिनी फोटो बूथ बनाएं

अगर आप पार्टी को और मजेदार बनाना चाहते हैं, तो एक छोटा सा फोटो कॉर्नर बनाएं। इसमें ईद मुबारक के प्रॉप्स और बैकग्राउंड डेकोरेशन जोड़ें ताकि मेहमान यहां तस्वीरें क्लिक कर सकें। घर पर पड़े पुराने सामान का इस्तेमाल करके डेकोरेशन करें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का सीजन 5 नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा दो हिस्सों में होगा




‪‪‪‪"स्ट्रेंजर थिंग्स" बच्चों के साथ-साथ बड़ों के बीच भी काफी लोकप्रिय सीरीज है। अब जल्द ही इसका पांचवा सीजन आने वाला है, जो नेटफिक्स पर ही रिलीज होगा, लेकिन इसका पांचवा सीजन दो भागों में रिलीज किया जाएगा। जानिए इसके पांचवें सीजन के कितने एपिसोड होंगे और आप इन्हें कौन सी तारीख को देख सकेंगे।

पिंकविला की खबर के मुताबिक, शो के शुरू होने से पहले, नेटफ्लिक्स के सीईओ टेड सारंडोस ने इसके बारे में एक बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस सीरीज का अंत दर्शकों के लिए भावुक करने वाला होगा। टेड ने कहा कि उन्हें पता है कि कहानी कैसे खत्म होगी और यह इतना शानदार होगा कि कोई भी इसे देखकर अपनी आंसुओं को नहीं रोक पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि "स्ट्रेंजर थिंग्स" की दुनिया को किताबों, सामानों और लाइव स्टेज शो के जरिए भी बढ़ाया जा रहा है।

लंदन के वेस्ट एंड में इसका प्रीक्वल स्टेज शो चल रहा है, जो जल्द ही ब्रॉडवे पर भी आएगा। सीजन 5 में कुल आठ एपिसोड होंगे और कुछ नए कलाकार भी इसमें शामिल होंगे। "स्ट्रेंजर थिंग्स" के पुराने कलाकारों में मिल्ली बॉबी ब्राउन, फिन वोल्फहार्ड, नोआ श्नैप, सैडी सिंक, डेविड हार्बर और नतालिया डायर होंगे। नए चेहरों में नेल फिशर, जेक कोनेली और एलेक्स ब्रेक्स शामिल होंगे। "स्ट्रेंजर थिंग्स" सीजन पांच, दो हिस्सों में रिलीज होगा। पहले छह एपिसोड 10 अक्टूबर, 2025 को आएंगे, जबकि आखिरी दो एपिसोड 27 नवंबर, 2025 को रिलीज होंगे।

### टॉलीवुड

## 'ओडेला-2' की रिलीज अगले माह, रौद्र रूप में दिखीं तमन्ना



तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'ओडेला-2' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म का टीजर और पोस्टर पहले ही रिलीज हो चुके हैं, जिसने दर्शकों का उत्साह बढ़ाया था। वहीं, अब निर्माताओं ने दर्शकों को खास तोहफा देते हुए आखिरकार फिल्म की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है।

फिल्म के निर्माताओं ने 'ओडेला 2' का नया पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज डेट का खुलासा किया। तमन्ना भाटिया की फिल्म 17 अप्रैल को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, फिल्म का थिएट्रिकल ट्रेलर अप्रैल के पहले सप्ताह में रिलीज होने की उम्मीद है। अशोक तेजा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को पैन इंडिया स्तर पर रिलीज किया जाएगा। वहीं, फिल्म के नए पोस्टर की बात करें तो इसमें तमन्ना का नया भयंकर रूप देखने को मिला। तमन्ना के चेहरे पर गहरे घाव और खून के निशान हैं। इसके साथ ही उनका लुक काफी गंभीर नजर आ रहा है। बैकग्राउंड में पवित्र शहर वाराणसी को भी दिखाया गया है। पोस्टर में भी रहस्य बना हुआ है। वहीं, फिल्म के ट्रेलर के बारे में अधिकारी जानकारी जल्द ही सामने आएगी।

फिल्म का दमदार टीजर कुछ हफ्ते पहले प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान जारी किया गया था। यह फिल्म 2021 की सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म 'ओडेला रेलवे स्टेशन' का सीक्वल है। इस फिल्म में तमन्ना नागा साधु के अवतार में नजर आएंगी। दिसंबर 2024 में तमन्ना के जन्मदिन के मौके पर इस फिल्म से उनका लुक जारी किया गया था। अशोक तेजा द्वारा निर्देशित 'ओडेला-2 का निर्माण डी मधु ने अपने मधु क्रिएशन्स बैनर के तहत संपत नंदी टीमवर्क्स के सहयोग से किया है। हेबाह पटेल और वशिष्ठ एन सिम्हा ने फिल्म में मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं।

### भोजपुरी

## खेसारी या पवन नहीं, सनी ने थामा इस भोजपुरी सिंगर का हाथ, हिट हुई जोड़ी



सनी लियोनी की फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी है। बॉलीवुड के कई स्टार्स के साथ वह काम कर चुकी हैं। मगर, इस बार उन्होंने बॉलीवुड एक्टर का हाथ थामा है। और वह एक्टर पवन सिंह या खेसारी लाल यादव नहीं हैं। वह एक्टर है नीलकमल सिंह। जी हां, सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का गाना 'लड़की दीवानी' रिलीज हुआ है।

सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का गाना टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। और यह जबर्दस्त तरीके से ट्रेंड कर रहा है। इसे कुछ ही घंटों में करीब पांच लाख व्यूज मिल गए हैं। इस गाने को नीलकमल सिंह ने गाया है। इसके लिरिक्स आशुतोष तिवारी ने लिखे हैं।

गाने में सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। नीलकमल सिंह ने आज इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए गाने के रिलीज की जानकारी शेयर की है। साथ में लिखा है, 'इस खबर को लेकर शांत नहीं रहा जा सकता। 'लड़की दीवानी' गाना रिलीज हो गया है। जाइए और देखिए। यह भी जरूर बताइए कि गाना आपको कैसा लगा है'? नीलकमल सिंह ने एक वीडियो भी शेयर किया है, इसमें वे सनी को भोजपुरी बोलना सिखाते दिख रहे हैं। इस गाने पर यूजर्स की अच्छी प्रतिक्रिया आ रही है। एक यूजर ने लिखा, 'भोजपुरी एक्टर के साथ सनी लियोनी।




### क्लासिक फैशन

पश्चिमी फैशन सिर्फ़ एक चलन नहीं है, यह कपड़े पहनने का वक्त से परे और क्लासिक तरीका है जो हमेशा कूल लगता है। हालाँकि, साल 2025 में रनवे पर और उसके बाहर दोनों जगह काउबॉय से प्रेरित परिधानों की एक नई लहर देखी जा रही है। जिसने फैशन की दुनिया के लोगों को अपने वार्डरोब रोडियो-स्वीकृत एक्सेसरीज़ और रेडी-टू-वियर आइटम से भरने के लिए प्रेरित किया है। चाहे वह बेयोंसे का "टेक्सास होल्ड 'एम" सिंगल रिलीज़ हो या बेला हदीद की हॉर्स गर्ल स्टाइल इवोल्यूशन, इन्हें लुई वुइटन के फॉल/विंटर शो ने रनवे पर इस ट्रेंड के फिर से उभरने को पुख्ता किया।

## ऑयली स्किन वालों को ऐसे रखना चाहिए अपनी त्वचा का ध्यान

वैसे तो गर्मियों का मौसम अपने साथ ढेरों परेशानियां लेकर आता है, लेकिन ये परेशानियां सबसे ज्यादा उन लोगों के सामने आती हैं, जिनकी त्वचा ऑयली होती है। तैलीय त्वचा वाले लोगों को गर्मी में मुंहासों और एक्ने से संबंधित दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए वो तमाम नुस्खे आजमाते हैं, लेकिन फायदा नहीं मिलता है।

यदि आपकी त्वचा भी तैलीय है तो बिना सोचे हमारा बताया स्किन केयर रूटीन फॉलो करें। हमारे बताए स्किन केयर रूटीन से आपकी त्वचा खिल उठेगी। ये स्किन केयर टिप्स खासतौर पर गर्मी के मौसम में आपके काम आएंगे।

### दिन में दो बार चेहरा धोना है जरूरी

यदि आपकी त्वचा ऑयली है तो दिन में कम से कम दो बार अपने चेहरे को साफ करें। इसके लिए अच्छी क्वालिटी के क्लींजर का इस्तेमाल करें। ये आपके चेहरे की डीप क्लींजिंग करेगा और उसकी गंदगी को साफ करेगा।

### टोनर रखेगा त्वचा को फ्रेश

इस भीषण गर्मी में त्वचा को फ्रेश रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप टोनर इस्तेमाल कर सकते हैं। टोनर खरीदना नहीं चाहते हैं तो आप उसकी जगह गुलाब जल भी इस्तेमाल कर सकते हैं, इससे भी



त्वचा के पोर्स टाइट होते हैं।

### मॉइश्चराइजर होना चाहिए हल्का

यदि आपकी त्वचा ऑयली है तो हमेशा हल्का मॉइश्चराइजर ही इस्तेमाल करें। ज्यादा ऑयल बेस्ड मॉइश्चराइजर आपकी त्वचा के पोर्स को ब्लॉक कर देगा। इसकी वजह से आपको पिंपल्स जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## नई दुल्हनों पर खूब जंचती है कांजीवरम साड़ी, आजमाइए इनकी भी स्टाइल



यदि आपकी शादी होने वाली है तो अपने कलेक्शन में एक कांजीवरम साड़ी अवश्य खरीद कर रख लें। ये आपको ससुराल में एकदम अलग दिखने में मदद करेगी।



साड़ियों का जिक्र जब भी होता है तो उसमें सिल्क की साड़ी का नाम सबसे ऊपर आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि सिल्क की साड़ी को किसी भी इवेंट में पहना जाए वो हमेशा रॉयल लुक देती हैं। खासतौर पर शादी-विवाह में सिल्क की साड़ी पहनकर अंदाज सबसे अलग दिखता है।

यदि आप भी साड़ी खरीदने का सोच रही हैं तो कांजीवरम साड़ी को अपने कलेक्शन में शामिल करें। यहां हम आपको कुछ अभिनेत्रियों के लुक्स दिखाने जा रहे हैं जिनसे टिप्स लेकर आप भी अपने लिए कांजीवरम साड़ी खरीद सकती हैं

**कीर्ति शेट्टी:** मशहूर साउथ एक्ट्रेस कीर्ति शेट्टी का ये गोल्डन कलर की सिल्क कांजीवरम लुक देखने में कमाल का है। इस रंग की साड़ी आप भी अपने कलेक्शन में शामिल करें। चटक रंगों के बीच ये हल्का रंग आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। ऐसी साड़ी पहनते समय अपने मेकअप को हाइलाइट करें और बालों में गजरा लगाएं।

**पूजा हेगड़े:** पीला रंग शादी-समारोह में काफी खास माना जाता है। ऐसे में आप इस तरह की पीली कांजीवरम साड़ी अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। ऐसी साड़ी के साथ यदि आप अलग रंग की कॉन्ट्रास्ट में ज्वेलरी पहनेंगी तो आपकी खूबसूरती में चार चांद लग जाएंगे।

**सामंथा रुथ प्रभु :** जब बात नई दुल्हनों की आती है तो लाल रंग की साड़ी हर किसी की पहली पसंद बन जाती है। ऐसे में आप भी अपने कलेक्शन में ऐसी लाल कांजीवरम साड़ी शामिल करें। ऐसी लाल और गोल्डन साड़ी आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएगी। इसे आप शादी के बाद की रस्मों में कैरी कर सकते हैं।

**दीपिका पादुकोण:** कुछ हैवी साड़ी तलाश रही हैं तो ऐसी नीले रंग की कांजीवरम साड़ी को अपने कलेक्शन में शामिल करें। ऐसी साड़ी आप अपने रिसेप्शन में भी पहन सकती हैं। इसके साथ बोटनेक ब्लाउज और गोल्डन ज्वेलरी पहनें।

## 30 की उम्र के बाद इन तरीकों से रखना चाहिए बालों का ध्यान

एक उम्र के बाद जिस तरह से खान-पान बदल जाता है, ठीक वैसे ही स्किन केयर और हेयर केयर का तरीका भी बदल जाता है। लेकिन ज्यादातर लोग आज भी इस बात से अनजान हैं। दरअसल, 30 की उम्र के बाद शरीर में काफी बदलाव आते हैं। इसलिए अपने बालों और त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए।

त्वचा का ध्यान तो लोग रख लेते हैं, लेकिन वो अक्सर अपने बालों का ध्यान रखना भूल जाते हैं। यदि आप भी उन लोगों में से हैं तो हम आपको आज यहां 30 की उम्र के बाद बालों का ध्यान कैसे रखा जाए इस बारे में बताने जा रहे हैं।

**बालों की मसाज है जरूरी:** बढ़ती उम्र के साथ हफ्ते में कम से कम दो बार हर किसी को अपने बालों की मसाज करनी चाहिए। मसाज के लिए जो भी तेल आपको सूट करता हो, उसे हल्का सा गर्म करें और फिर जड़ों से लेकर बालों के छोर में इसे लगाएं। तेल लगाने के 2 घंटे बाद ही बाल धोएं, ताकि स्कैल्प को नमी और पोषण मिले। इसे रातभर ऐसे ही न रहने दें।



**हेयर टाइप के हिसाब से शैंपू खरीदें:** एक उम्र के बाद जो भी शैंपू बालों में इस्तेमाल करें, वो आपके हेयर टाइप का ही होना चाहिए। यदि आप गलत शैंपू का इस्तेमाल करेंगे तो इससे न सिर्फ तगड़ा हेयर फॉल होगा, बल्कि बाल बेजान होने लगेंगे। इसके साथ बालों से संबंधित अन्य परेशानियां भी आपको होंगी।

**कंडीशनर है जरूरी:** बालों की नमी को बरकरार रखने के लिए कंडीशनर का इस्तेमाल करना काफी जरूरी होता है। ऐसे में आप भी बाल धोने के बाद हमेशा हल्का कंडीशनर लगाएं। ध्यान रखें कि ये भी आपके हेयर टाइप का ही होना चाहिए। यदि ये आपके बालों के हिसाब से नहीं होगा, तो इससे भी बाल डैमेज हो जाएंगे।

## हल्दी की रस्म में पहनेंगी फूलों वाली ज्वेलरी तो घरवालों को उतारनी पड़ जाएगी नजर

यदि आपकी भी शादी होने वाली है तो आपने भी खरीदारी शुरू कर दी होगी। वैसे तो हल्दी में दुल्हनें अक्सर नकली फूलों वाली ज्वेलरी पहनती हैं, लेकिन यदि आप असली फूलों की ज्वेलरी कैरी करना चाहती हैं तो हम आपको इसके कुछ विकल्प बताने जा रहे हैं।

**मोगरा:** यदि आप अपनी ज्वेलरी को हल्का ही रखना चाहती हैं तो ताजा मोगरा से इसे तैयार कराएं। मोगरा के फूलों का बना मांगटीका, गले का नेकपीस और हथफूल आपकी खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। इसका चयन भी तभी करें, जब आप पीले रंग का आउटफिट ही कैरी कर रहे हैं। पीले रंग के आउटफिट के साथ मोगरा के सफेद फूल काफी हाइलाइट होंगे।

**ऑर्किड :** अपने हल्दी लुक को थोड़ा वेस्टर्न टच देना है तो ऑर्किड के फूलों से बनीं ज्वेलरी का चयन करें। ऑर्किड के फूल देखने में काफी खूबसूरत लगते हैं। ऑर्किड के फूलों से बना नेकपीस, हथफूल, मांगटीका और पैरों की पायल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। इसके अलावा पीले रंग के आउटफिट के साथ इसका लुक सबसे अलग ही दिखेगा।



**मोगरा और गुलाब की ज्वेलरी:** यदि आप एलिगेंट सा लुक कैरी करना चाहती हैं तो मोगरा और गुलाब के कॉम्बिनेशन वाली ज्वेलरी अपनी हल्दी की रस्म मे पहनें। इन दोनों फूलों से बनें हथफूल और मांगटीका देखने में काफी खूबसूरत लगते हैं। लाल गुलाब के बीच-बीच में जब सफेद मोगरा दिखेगा तो ये तस्वीरों में भी खूब प्यारा दिखेगा। इस ज्वेलरी के साथ हल्दी में पीले रंग का ही आउटफिट कैरी करें, तभी ये खिलकर सामने आएगा।

### कार्नर न्यूज

### शादी के दिन सबसे अलग नजर आना चाहिए दूल्हा

## दुल्हन के साथ-साथ होने वाले दूल्हों को भी रखना चाहिए अपने रंग-रूप का खास ध्यान

दुल्हनों के साथ-साथ हर होने वाले दूल्हे को भी अपनी त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए, ताकि शादी के दिन उनके चेहरे पर थकान न रहे।

शादी की तारीख पास आते ही होने वाली दुल्हनें पार्लर में पूरा ब्राइडल पैकेज बुक करा लेती हैं। इस ब्राइडल पैकेज में उनके कई फेशियल होते हैं, ताकि शादी के दिन उनका चेहरा सबसे खिला हुआ और खूबसूरत दिखे। लेकिन होने वाले दूल्हे इन चक्करों में नहीं पड़ते। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए।

जब शादी का दिन दूल्हा और दुल्हन दोनों के लिए खास है तो स्किन केयर सिर्फ दुल्हनें ही क्यों कराएं। यदि आप होने वाले दूल्हे हैं तो घर पर ही अपनी त्वचा का खास ध्यान रखें। कुछ टिप्स अपनाकर आप घर पर ही सही स्किन केयर रूटीन फॉलो कर सकते हैं। आइए आपको इन टिप्स के बारे में बताते हैं, जिन्हें होने वाले दूल्हों को फॉलो करना चाहिए।



### दिन में दो बार क्लींजिंग है जरूरी

यदि आपकी शादी की तारीख निकट आ रह है तो आप भी दिन में दो बार चेहरे की क्लींजिंग करना शुरू कर दें। दिन में दो बार क्लींजिंग करने से आपका चेहरा अच्छी तरह से साफ हो जाएगा। चेहरा साफ करने के बाद चेहरे पर अच्छी क्वालिटी का मॉइश्चराइजर और टोनर का इस्तेमाल करें, ताकि आपका चेहरा खिल उठे।

### सनस्क्रीन का इस्तेमाल न भूलें

धूप तेज पड़ने लगी है। इस धूप के हानिकारक प्रभाव से बचने के लिए अपने चेहरे, हाथ और पैर पर कम से कम 50 एसपीएफ की सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। सही सनस्क्रीन के इस्तेमाल से आपकी त्वचा खतरनाक यूवी किरणों से बची रहेगी।

### स्क्रब है जरूरी

अक्सर लड़के इस डाउट में होते हैं कि उन्हें किसी तरह के स्क्रब की जरूरत नहीं है। जबकि ऐसा नहीं है। लड़कों को स्क्रब की खास जरूरत रहती है, क्योंकि लड़कों की त्वचा काफी हार्ड होती है



और सही स्क्रब के इस्तेमाल से लड़कों का चेहरा खिल जाता है। स्क्रब की मदद से आप भी अपने चेहरे की डीप क्लींजिंग कर सकते हैं।

### फेस पैक लगाएं

हर स्किन टाइप के हिसाब से फेस पैक मिलते हैं। ऐसे में आप अपनी स्किन टाइप के हिसाब से फेस पैक खरीदें और इसका इस्तेमाल करें। यदि आप स्किन टाइप के हिसाब से फेस पैक का इस्तेमाल करेंगे तो शादी के दिन आपका चेहरा खिला-खिला रहेगा। हफ्ते में दो बार सही फेस पैक का इस्तेमाल करें।

### शेव का भी ध्यान जरूरी

शेविंग करने के बाद यदि सही स्किन केयर रूटीन फॉलो नहीं किया जाए तो भी त्वचा डैमेज हो जाती है। यदि क्लीन शेव रखते हैं तो शेविंग के बाद अल्कोहल-फ्री आफ्टरशेव या एलोवेरा जेल लगाएं, ताकि स्किन इरिटेशन न हो। अगर दाढ़ी रखना चाहते हैं, तो उसे रोजाना ऑयल और शैंपू से साफ करें और शेप में ट्रिम करें।